
6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे किसान, 10 को देशभर में ट्रेनें रोकने का ऐलान

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964


झारखंड से बिहार भेजी जा रही 7 लाख की 70 पेटी विदेशी शराब जब्त, होली में खपाने की थी तैयारी

वर्ष-60 › अंक -69 रायपुर सोमवार 4 मार्च 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


# ‘विकसित भारत @2047’ विजन डॉक्यूमेंट पर मंथन

### पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट मीटिंग



**एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार शाम को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में केंद्र सरकार ने ‘विकसित भारत 2047’ के विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा की गई। इसके साथ ही अगले पांच साल के लिए एक्शन प्लान पर भी बात हुई। आगामी लोकसभा चुनाव के पहले ये माना जा रहा कि ये आखिरी कैबिनेट मीटिंग है, जिसमें अलग-अलग मंत्रालयों ने अपने विचार व्यक्त किए। बताया जा रहा कि कैबिनेट मीटिंग हुई चर्चा पर मई 2024 में नई सरकार का गठन होने पर तुरंत कार्यान्वयन के लिए रणनीति तैयार की गई। इसके लिए 100 दिनों का एजेंडा भी प्लान किया गया। पीएम मोदी की अध्यक्षता में ये कैबिनेट बैठक नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित सुषमा स्वराज भवन में हुई। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए ये कैबिनेट मीटिंग काफी अहम रही। इसमें विकसित भारत को लेकर प्लान के लिए अगले 100 दिनों के रोड मैप पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पीएम मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने मंत्रियों और नेताओं चुनावी तैयारियों से जुड़े कई अहम निर्देश भी दिए।

**'विकसित भारत 2047' को लेकर रोडमैप पर बात** – विकसित भारत 2047 के लिए रोडमैप में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य, जीवन में आसानी, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण जैसे विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। इस रोडमैप का अंतिम लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित देश में बदलना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट बैठक में विकसित भारत 2047 के लिए विजन डॉक्यूमेंट और कार्य योजना की चर्चा की है। ये एक विस्तृत पंचवर्षीय योजना है।

**पीएम मोदी ने मंत्रियों को दिए खास निर्देश**

ये योजना ‘पूरे सरकार’ के दृष्टिकोण को अपनाती है और इसमें राज्य सरकारों, शिक्षा जगत, उद्योग, नागरिक समाज और वैज्ञानिक संगठनों के साथ परामर्श शामिल है।

## एमएच 60आर ‘सीहॉक’ हेलीकॉप्टर को आईएनएएस 334 स्क्वाड्रन के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा

**एजेंसी।**



भारतीय नौसेना अभी हाल में ही नए शामिल किए गए एमएच 60आर सीहॉक (ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण) बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर को 06 मार्च 2024 को आईएनएएस गरुड़, कोच्चि में कमीशन करेगी, जो भारत की रक्षा आधुनिकीकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है। सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। ये हेलीकॉप्टर फरवरी 2020 में अमरीका के साथ हस्ताक्षरित 24-विमान एफएमएस अनुबंध का एक हिस्सा हैं। सीहॉक्स के शामिल होने से भारतीय नौसेना अपनी समुद्री ताकत में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुभव करने को तैयार है। हेलीकॉप्टर को पनडुब्बी रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू), सतह पर होने वाले संघर्ष (एएसयूडब्लू), खोज एवं बचाव (एसएआर), चिकित्सा व निकासी (मेडीवैक) और वर्टिकल रिप्लेनिशमेंट (वर्टरेप) के लिए तैयार किया गया है। इस हेलीकॉप्टर का भारतीय संदर्भ वातावरण (आईआरए) स्थितियों में कड़ाई से परीक्षण किया गया है और यह बेड़े में पूरी तरह से एकीकृत हो रहे हैं। उन्नत हथियार, सेंसर और एवियोनिक्स सूट सीहॉक हेलीकॉप्टर को भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए महत्वपूर्ण बनाते हैं, जो पारंपरिक एवं असंयमित दोनों तरह खतरों से निपटने के लिए उन्नत क्षमताएं प्रदान करते हैं। एमएच 60आर हेलीकॉप्टर भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ावा देंगे, नौसेना की परिचालन पहुंच का विस्तार करेंगे और रक्षा स्पेक्ट्रम तथा विशाल समुद्री डोमेन में निरंतर नौसैन्य संचालन का सहयोग करेंगे। हिंद प्रशांत क्षेत्र में सीहॉक की तैनाती भारतीय नौसेना की समुद्री उपस्थिति को सशक्त करेगी, संभावित खतरों को दूर करेगी और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करेगी।

## मोदी सरकार के कार्यकाल में एंटी नारकोटिक्स एजेंसियों ने 12,000 करोड़ रुपये की 12 लाख किलोग्राम ड्रग्स नष्ट की

**एजेंसी।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आज ड्रग्स के खतरे से निपटने में मोदी सरकार की सफलता के बारे में तीन वीडियो जारी किए। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सोशल मीडिया साइट x पर पोस्ट और वीडियो की एक श्रृंखला जारी की। अपने एक पोस्ट में श्री अमित शाह ने कहा कि नार्को-ट्रेड के प्रति मोदी सरकार की कठोर अप्रोच के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं और इसके कारण गिरफ्तारियों की संख्या और ज़ब्त की जाने वाली ड्रग्स की मात्रा में वृद्धि हुई है। एक अन्य पोस्ट में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय, सहयोग और सामंजस्य से देशभर में एक सशक्त एंटी-नारकोटिक्स तंत्र का निर्माण हुआ है ।

# पिछली सरकारों में लोगों को गुंडे-माफिया तबाह करते थे

**नईदिल्ली,एजेंसी।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के ताल नदोर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। 80 एकड़ में बनने वाले इस महाविद्यालय के निर्माण पर करीब 350 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

भूमि पूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह जनता जनार्दन को सिर-माथे पर बैठाकर सेवा करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ऐसी ही है। इस सरकार में विकास है तो गरीब कल्याण भी। इसमें सुरक्षा, आजीविका, आस्था के सम्मान के साथ समृद्धि भी है।

**भविष्य में विश्वविद्यालय बनेगा यह महाविद्यालय** – सीएम योगी ने लोगों को यह भरोसा दिलाया कि ताल नदोर में बनने वाला पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय भविष्य में विश्वविद्यालय बना दिया जाएगा। तब गोरखपुर में पांच विश्वविद्यालय हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में पशुओं के इलाज के साथ नस्ल सुधार के कार्य भी होंगे। यहां फिशरीज से जुड़े कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाया जाएगा। यहां पढ़ाई कर युवा पशु चिकित्सक बन सकेंगे, उनके पास करियर बनाने का नया प्लेटफार्म होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस महाविद्यालय की ड्राइंग श्रावस्ती के राजा शालिहोत्र की परिकल्पना पर डिजाइन की गई है। राजा शालिहोत्र ने तीसरी सदी में शालिहोत्र संहिता रचकर पशुधन के क्षेत्र को समृद्ध किया।

## 8 सप्ताह में आ जाएगा ज्ञानवापी मामले पर फैसला

**प्रयागराज**



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में मिले ‘कथित शिवलिंग’ की पूजा की मांग वाली छह (ग) अर्जी को आठ सप्ताह में निस्तारित करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि मामले की सुनवाई को बेवजह टाला न जाए। न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम ने विवेक सोनी व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। याची की ओर से कहा गया कि ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग, फव्वारा सहित कई अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां मिली हैं।


सिविल जज सीनियर डिविजन के समक्ष अर्जी दाखिल कर पूजा की मांग की है। यह अर्जी 2022 से ही लंबित है। सिविल जज ने कोई फैसला नहीं किया। जबकि, अर्जी की सुनवाई के लिए कई बार तारीख लगाई गई लेकिन मामले को निस्तारित नहीं किया जा रहा है।

अर्जी निस्तारित न होने से मूल अधिकार प्रभावित हो रहा है। इस पर कोर्ट ने सिविल जज सीनियर डिविजन को आठ सप्ताह में निस्तारित करने का आदेश पारित किया है। मामले में पक्षकार बनाए गए काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के अधिवक्ता विनीत संकल्प की ओर से कोई आपत्ति नहीं जताई गई। हिंदु पक्ष की ओर से अश्वनी कुमार ने पक्ष रखा।

## महादेव एप के ऑपरेटर्स को लेकर रायपुर पहुंची ईडी की टीम

**एजेंसी** रायपुर भोपाल-कोलकाता से गिरफ्तार सूरज चोखानी और गिरीश तलरेजा को ईडी की टीमें रायपुर लेकर आ गई हैं। दोनों महादेव आनलाइन सट्टा के मुख्य करदार रहे हैं। ईडी ने सीजेएमकोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने का आवेदन लगाया है। कोलकत्ता से गिरफ्तार सूरज चोखानी पर महादेव ऐप सट्टेबाजी के पैसे को शेयर मार्केट में लगाने का आरोप है । वहीं भोपाल से गिरफ्तार गिरीश तलरेजा पर सट्टेबाजी की कमाई को ऐप के प्रमोटर शुभम सोनी के साथ मिलकर कई बैंक खातों के जरिए रोटेड करने का आरोप है। ये गिरफ्तारियां नीतिन दीवान से हुई पूछताछ के बाद की गई है।

## पीएम मोदी ने बीजेपी को दिया इतना चंदा, डोनेशन की पर्ची भी की शेयर



**एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दल भारतीय जनता पार्टी के लिए डोनेशन दिया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए पीएम मोदी ने डोनेशन फ ॉर नेशन बिल्डिंग मुहिम के तहत बीजेपी को चंदा दिया है। पीएम ने बीजेपी को 2 हजार रुपये का चंदा देकर सोशल मीडिया पर इसकी पर्ची भी शेयर की है। पीएम ने अपने X अकाउंट पर डोनेशन स्लिप साझा करके लिखा, ÷मुझे भाजपा में योगदान देने और विकसित भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को मजबूत करने में खुशी हो रही है। मैं सभी से NaMoApp के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए डोनेशन का हिस्सा बनने का भी आग्रह करता हूं।÷पीएम मोदी संग दिखे सीएम नीतीश, प्रशांत किशोर बोले- लिखकर रख लो, वे फिर पल इतना ही नहीं जनता भी पार्टी के लिए चंदा दे सके, इसके लिए पीएम ने अपनी पोस्ट में NaMoApp का एक लिंक भी साझा किया है। इस लिंक पर जाकर आप सीधे बीजेपी को चंदा दे सकते हैं। जब आप इस लिंक पर क्लिक करेंगे, तो सामने एक पेज खुलकर आएगा। यहां मौजूद इस फॉर्म में डोनेशन देने वाले को अपनी सारी जरूरी डिटेल्स भरनी हैं और उसके बाद अपने डोनेशन की रकम भरनी है और फिर एक्सेप्ट पर क्लिक कर देना है।

# मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का करेंगे दौरा

**एजेंसी।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करेंगे. बारह राज्यों में तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू और कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली शामिल हैं.

प्रधानमंत्री सोमवार 4 मार्च को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे. वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे.

प्रधानमंत्री मोदी 5 मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे. इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. अधिकारियों के मुताबिक, मोदी पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले ओडिशा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को वह कोलकाता में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और बारासात में एक जनसभा को संबोधित करेंगे. अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद मोदी बिहार जाएंगे और बेतिया में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे.

प्रधानमंत्री 7 मार्च को जम्मू-कश्मीर में रहेंगे और शाम को दिल्ली में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे. 8 मार्च को पीएम मोदी दिल्ली में नेशनल क्रिएचर्स अवार्ड में लेंगे हिस्सा, फिर असम दौरे पर जाएंगे

आठ मार्च को वह दिल्ली में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार (नेशनल क्रिएचर्स अवार्ड) में भाग लेंगे और फिर शाम को असम के लिए रवाना होंगे. मोदी अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग में सेला सुरंग का उद्घाटन करेंगे और फिर ईटानगर में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे. इसके बाद वह असम के जोरहाट में अहोम सम्राज्य के महान सेनापति लाचित बोड़फुकन की प्रतिमा का अनावरण करेंगे. इसके बाद प्रधानमंत्री जोरहाट में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम दौरा समाप्त करने के बाद 10 मार्च को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में विभिन्न परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे.

मोदी 11 मार्च को दिल्ली में ‘नमो ड्रोन दीदी’ और ‘लखपति दीदी’ से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और इसके बाद द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन करेंगे. इसी दिन शाम को वह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक कार्यक्रम में भाग लेंगे.

प्रधानमंत्री मोदी 12 मार्च को गुजरात के साबरमती और राजस्थान के पोखरण का दौरा करेंगे.

13 मार्च को पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए गुजरात और असम में तीन महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

## बंगाल को दहलाने की साजिश नाकाम, सागरपाड़ा इलाके में बमों से भरा बैग बरामद




**मुर्शिदाबाद:** पश्चिम बंगाल में इन दिनों हालात ठीक नहीं चल रहे हैं। जनवरी महीने में श्रष्ठ के अधिकारियों पर हमला होता है। इसके बाद संदेशखाली में कई दिनों से महिलाओं का विरोध प्रदर्शन चल रहा है। हाईकोर्ट की फटकार के बाद संदेशखाली मामले का आरोपी शेख शाहजहां को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उत्तर 24 परगना में टीएमसी के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। इसके बाद लोगों के मन में राज्य में चुनावों से पहले होने वाले कत्लेआम की याद ताजा हो गई।

**सॉकेट बम से भरे एक थैले को बरामद किया**

यहां तक तो सब ठीक था लेकिन अब जो हुआ है, वह सबके रोंगटे खड़े कर देगा। पुलिस ने मुर्शिदाबाद जिले के सागरपाड़ा इलाके में सॉकेट बम से भरे एक थैले को बरामद किया है। पुलिस ने किसी बड़े हमले को होने से पहले ही इन बमों को बरामद करके डिफ्यूज कर दिया है। हालांकि इस मामले में अभी पुलिस ने विस्तार से कुछ नहीं बताया है। लेकिन इतना तय है कि पुलिस ने एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है।

# शहबाज शरीफके दोबारा बने पाक के पीएम ,बढ़ी इमरान की मुश्किल

### 100 से ज्यादा समर्थक गिरफ्तार



**लाहौरः** पाकिस्तान में शहबाज शरीफ के दोबारा प्रधानमंत्री चुने जाते ही जेल में बंद इमरान खान की मुसीबत फिर बढ़ गई है। पाकिस्तान पुलिस ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं पर अपना डंडा चलाना शुरू कर दिया है। पीटीआई कार्यकर्ता पाकिस्तान के चुनाव में कथित धांधली के विरोध में रैली कर रहे थे। इससे अक्रोश में आई पाकिस्तान पुलिस ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के 100 से ज्यादा समर्थकों को पंजाब के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि पार्टी संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ शनिवार को समूचे पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन किए थे। ज्यादातर लोगों को लाहौर से गिरफ्तार किया गया है, जहां नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मरयम नवाज़ ने पीटीआई समर्थकों पर कार्रवाई का आदेश दिया था। पीटीआई के एक प्रवक्ता ने बताया, ÷लाहौर में पुलिस ने 80 कार्यकर्ताओं और नेताओं को पीटा और गिरफ्तार कर लिया। गुजरात शहर में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब के 38 शहरों और संघीय राजधानी इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन हुए।

**लाहौर में पुलिस ने किया लाठीचार्ज**

लाहौर में पाकिस्तान पुलिस ने जीपीओ चौक और लिबर्टी चौक पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। प्रवक्ता ने बताया कि मरयम नवाज़ और उनके चाचा शहबाज़ शरीफके खिलाफपिछले महीने चुनाव लड़ने वाले पीटीआई नेता मियां शहज़ाद फारूक और अफज़ाल अज़ीम फहट को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने दावा किया कि फारूक ने मरयम को हरा दिया था, लेकिन पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने नतीजे बदल दिए। उच्चतम न्यायालय की बार के पूर्व सचिव आफताब बाजवा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पीटीआई के झंडे दिखाने पर खान के समर्थकों को कारों से बाहर खींचने और पीटने के वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किए जा रहे हैं।

पंजाब पुलिस ने कहा कि उन्होंने सड़क जाम करने वाले प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार और रविवार को देश में सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ की सेवा भी बाधित रही।

## भारत ने संयुक्त अरब के साथ तय किया 100 अरब डॉलर का लक्ष्य

**अबू धाबी : एजेंसी।**



संयुक्त अरब अमीरात में श्री लक्ष्मीनरायण मंदिर की स्थापना के बाद से भारत और यूएई के रिश्ते लगातार नए मुकाम को छू रहे हैं। अब भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार को लेकर बड़ी डील हुई है। यह लक्ष्य महत्वाकांक्षी है और इसे हासिल किया जा सकता है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कपड़ा, आभूषण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने के बड़े अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच मई, 2022 में लागू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के चलते द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में वृद्धि हुई है। दिनेश यहां वैश्विक निवेशकों के कार्यक्रम ‘इन्वेस्टोपिया’ और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कई भागीदारों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने के लिए आए थे।

सीआईआई के अध्यक्ष ने यहां पीटीआई-भाषा से कहा, ‘‘भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गैर-तेल व्यापार का 100 अरब डॉलर का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन मेरा मानना ??है कि इसे हासिल किया जा सकता है। इस संबंध में हाल के घटनाक्रम उत्साहजनक हैं।’’ उन्होंने कहा कि यह समझौता, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता कहा गया है, रत्न और आभूषण, कपड़ा और परिधान, चमड़ा, फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और कई इंजीनियरिंग उत्पादों जैसे सभी श्रम-गहन क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध कराता है।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तृतीय चरण के तहत महासमुंद में दो स्थानों पर शिविर

## विकसित भारत बनाने के लिए मोदी जी संकल्पित - सांसद स्टॉल लगाकर योजनाओं की दी जा रही जानकारी सांसद ने अन्न प्रासन्न और गोद भराई का रस्म पूरा किया



**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तृतीय चरण के तहत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से आज वार्ड नम्बर 20 लोहिया चौक महासमुंद में शिविर का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शिविर में सांसद श्री चुन्नीलाल साहू बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह यात्रा के माध्यम से समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। इस यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजनाओं के लाभ से नहीं छूटना चाहिए। कई बार जागरूकता के अभाव में पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित रह जाते है, ऐसे लोगों तक पहुंचना सरकार अपना दायित्व समझते हुए इस यात्रा के माध्यम से गांव-गांव और शहर-शहर पहुंच रही है। मोदी की गारंटी से वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा कि महासमुंद में मेडिकल कॉलेज खुलने से गरीबों का मुफ्त इलाज सुनिश्चित होगा। अब आयुष्मान कार्ड से 10 लाख रुपए तक इलाज की भी तैयारी चल रही है। आज हर घर में शौचालय, गैस और आवास की सुविधा दी गई है। रेलवे स्टेशन का भी कायाकल्प होगा। द्वितीय शिविर वार्ड क्रमांक 06 कुंवर दिलीप सिंह जुदेव सामुदायिक भवन महासमुंद में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास के स्टॉल में बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया एवं सुपोषण टोकरी देकर महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम सम्पन्न कराया। शिविर में सासंद प्रतिनिधि संदीप दीवान, पार्षद मीना साहू, कौशिल्या बंसल, सुधा साहू, श्रीमती सुरेखा कंवर, श्रीमती प्रीति सोनी, सुनीता देवांगन, पवन साहू, सतपाल सिंह पाली, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री टॉमसन रात्रे, नगर पालिका के कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं हितग्राही मौजूद थे।शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति भी दी गई। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की आयोजित हुई बैठक

**महासमुंद।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर श्री प्रभात मलिक की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुगम बनाने और ध्वनि प्रदूषण कम करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। वही ध्वनि प्रदूषण कम करने पर बल दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी घर से कार्यालय आने के लिए वाहनों का प्रयोग करते हैं, तो रोड सेफ्टी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। यदि दो पहिया वाहन उपयोग में लाते हैं तो हेलमेट लगाएं एवं चार पहिया वाहन उपयोग करने पर सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाएं। उन्होंने कहा कि इससे जनता को जागरूक करने में मदद मिलेगी। बैठक में अपर कलेक्टर श्री निर्भय साहू, रवि साहू, राजस्व अधिकारी, पुलिस एवं परिवहन के अधिकारी मौजूद थे।

जिले में वर्ष 2024 के लिए ब्लैक और ग्रे स्पॉट का चिन्हांकन किया जायेगा। कलेक्टर ने यह कार्य जल्द से जल्द करते हुए ब्लैक और ग्रे-स्पॉट चिन्हांकित करने पर बल दिया ताकि जरूरी एहतियातन व्यवस्था की जा सके। इसमें रम्बल स्ट्रीप, सूचनात्मक बोर्ड, ब्लिंकर्स और ब्लैक ग्रे-स्पॉट सिम्बल बोर्ड इत्यादि सम्मिलित है।

## पिछले 3 सालों में 70 हजार यात्री ट्रेनों को किया गया रद्द : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि कुल आमदनी का करीब 20 फीसदी राजस्व छत्तीसगढ़ से रेल मंत्रालय को मिलता रहा है। उसके बाद भी छत्तीसगढ़ को रेल सुविधाओं के नाम पर सबसे अ?धिक उपे?क्षित रखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ प्रचार करने में व्यस्त हैं, जबकि रेलवे की हालत बदतर हो गई है। श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ से सालाना 12 हजार करोड़ रूपए से अ?धिक राजस्व रेल मंत्रालय को मिलता है। मोदी सरकार द्वारा प्रदेश के 21 स्टेशनों के कायाकल्प के नाम पर 2700 करोड़ रूपए की स्वीकृति कर वाहवाही लूटी जा रही है। स्वीकृत रा?शि केंद्र को प्रदेश से मिलने वाले राजस्व के 20 फीसदी से भी कम है। श्री चंद्राकर ने आरोप लगाया है कि नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेलवे सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है। यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है। कभी कोयले के आपूर्ति के नाम पर तो कभी कोई और कारण बताकर यह विश्वसनीय यात्री सेवा भारतीय रेल को बदनाम करने की साजिश है।

# जिंदगी की दो बूंद पल्स पोलियो अभियान

## जिले में 90 हजार से अधिक बच्चों को पिलाया जाएगा पोलियो ड्राप राजिम कुंभ मेला स्थल में भी बनाया जाएगा पोलियो बूथ

**गरियाबंद।** भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का क्रियान्वयन जिला गरियाबंद में 03 मार्च से 05 मार्च 2024 तक किया जाना है। शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की 02 बूंद खुराक पिलाया है। जिले में 90 हजार 982 बच्चों को पल्स पोलियो की 2 बूंद खुराक पिलाया जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में 830 पोलियो बूथ चिन्हांकित है। इस अभियान के तहत राजिम कुंभ कल्प मेला स्थल में भी पोलियो बूथ बनाया जायेगा। जिसमें 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो दवा पिलाया जायेगा। समस्त बूथ, मेला, बाजार, इंर्ट भट्ठे, पहुंचविहीन क्षेत्रों एवं घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी।

सीएमएचओ डॉ के.सी उरांव ने बताया कि प्रथम दिवस 830 बूथ पर पल्स पोलियो की खुराक दी जायेगी। जिनमें 3000 सदस्यों की ड्यूटी लगायी गई है। द्वितीय दिवस 04 मार्च को घर-घर भ्रमण कर छुटे हुए बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जायेगी। जिनमें 2000 सदस्यों की ड्यूटी लगायी है। तृतीय दिवस 05 मार्च को पहुंचविहीन क्षेत्रों में हुए बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जायेगी। जिसमें 100 सदस्यों की ड्यूटी लगायी है। भ्रमण एवं दूरस्थ आबादी वाले क्षेत्र हेतु आवश्यक मोबाईल टीम बनाया गया है। जिला स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पल्स पोलियो अभियान के मॉनिटर हेतु, डॉ के. सी. उरांव के निर्देशन में जिला के समस्त बूथ पर मॉनिटर किया जायेगा। जिला स्तर पर समस्त विकासखण्डों में वैक्सीन, बैनर, पोस्टर, मार्कर पेन, व अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाया जा चुका है।

## आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्लोबल जाब मार्केटिंग में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा -सुश्री लक्ष्मी मूर्ति

रायपुर। आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर युवाओं को उनके यहां संचालित अनेक पाठ्यक्रमों के जरिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। विभिन्न विधाओं में पारंगत युवाओं द्वारा देश विदेश में लाखों के पेकेज मिलने से न केवल युवा एवं उनके परिवार भी गर्व की अनुभूति महसूस कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संस्थान की डायरेक्टर जनरल सुश्री लक्ष्मी मूर्ति डायरेक्टर प्रो. पूर्वा तावड़े, मार्केटिंग मैनेजर सौरभ द्विवेदी।

# डबल सप्लाई के लिए 4 करोड़ रूपये के 37 कि.मी.नई 33 के.व्ही. लाइनों का कार्य पूर्ण

## कुमरदा, हाटबंजारी, गैंदाटोला, बांधाबाजार, अम्बागढ़ चौकी एवं चिल्हाटी विद्युत उपकेन्द्रों से संबंधित लगभग 42 हजार उपभोक्ताओं को होगा से फायदा




**बांधाबाजार/कुमरदा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना योजना के अंतर्गत कुमरदा, हाटबंजारी, गैंदाटोला, बांधाबाजार, अम्बागढ़ चौकी एवं चिल्हाटी क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में 3 करोड़ 98 लाख रूपये की लागत से 37 कि0 मी0 नई 33 के0व्ही0 लाइनों का निर्माणकर रिंग फारमेशन में डबल सप्लाई के लिए सिस्टम बनाकर विद्युत प्रदाय को सुदृढ़ीकृत किया गया है। इन नई लाईनों का ऊर्जीकरण राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम के मार्गदर्शन में अधीक्षण अभियंता सतीश कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री पी.सी. साहू, श्री के.व्ही. मैथ्यू, श्री एस.के. चन्द्राकर सहायक अभियंता श्री अरुण साहू, श्री अजय विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में बांधाबाजार उपकेन्द्र के लिए विद्युत सप्लाई की व्यवस्था कुमरदा 33 के0व्ही0 फीडर से की जाती थी चूंकि इस फीडर से गैंदाटोला, चिल्हाटी एवं हाटबंजारी उपकेन्द्रों को भी विद्युत प्रदाय किया जाता है। कुमरदा, हाटबंजारी, गैंदाटोला, बांधाबाजार, अम्बागढ़ चौकी एवं चिल्हाटी में स्थित 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों में 33 के.व्ही. विद्युत लाइनों में डबल सप्लाई की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की दृष्टि से अमलीडीह डोंगरगांव 132/33 के.व्ही. उच्च दाब उपकेंद्र से डोंगरगांव-कुमरदा-बांधाबाजार 27 कि0मी0 33 के.व्ही. की नई लाइन के निर्माण एवं मोंगरा बैराज-चिल्हाटी 10 कि.मी. 33 के.व्ही. नई लाइन के निर्माण से रिंग फारमेशन में डबल सप्लाई की विद्युत व्यवस्था मजबूत हुई है। जिससें कुमरदा, हाटबंजारी, गैंदाटोला, बांधाबाजार, अम्बागढ़ चौकी एवं चिल्हाटी क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के लगभग 42 हजार उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।उल्लेखनीय है कि रिंग फारमेषन 33 के0व्ही0 लाइनों की एक ऐसी व्यवस्था, जिसमें यदि किसी 33/11 के.व्ही विद्युत उपकेन्द्र में 33 के.व्ही. लाइन से विद्युत सप्लाई बाधित होती है, तो पूरा उपकेन्द्र ही बंद हो जाता है। जिससे संपूर्ण क्षेत्र में ब्रेकडाउन की समस्या निर्मित हो जाती है, ऐसी स्थिति से निपटने के लिए किसी दूसरे निकटतम उपकेन्द्र के लिए जा रही 33 के0व्ही0 लाइन से प्रभावित उपकेन्द्र के लिए नई लाइन/नया स्ट्राक्चर तैयार कर डबल/ट्रिपल विद्युत सप्लाई व्यवस्था तैयार करना ही रिंग फारमेशन है। अम्बागढ़ चौकी, चिल्हाटी क्षेत्र के लिए विद्युत प्रदाय व्यवस्था मोहला के एकटकन्हार स्थित 132/33 के.व्ही. उच्च दाब उपकेंद्र एवं अमलीडीह डोंगरगांव 132/33 के.व्ही. उच्च दाब उपकेंद्र दोनों से हैं। जिससे यदि एक तरफ 33 के.व्ही. लाइनों में ब्रेकडाउन की समस्या उत्पन्न होती है।

# गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण और अमानक कार्य पर ठेकेदार निलंबित

## लोक निर्माण विभाग ने की कार्रवाई चोटिया-चिरमिरी मार्ग का उन्नयन और नवीनीकरण कार्य पाया गया था खराब गुणवत्ता कामामले में दो अधिकारियों को किया गया है निलंबित, दो को कारण बताओ नोटिस जारी



**कोरबा-रायपुर।** लोक निर्माण विभाग ने कोरबा जिले के चोटिया-चिरमिरी मार्ग के उन्नयन और नवीनीकरण कार्य में गुणवत्ताहीन निर्माण और अमानक कार्य करने वाले ठेकेदार को निलंबित कर दिया है। लोक निर्माण विभाग के बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता द्वारा विगत 18 जनवरी को निरीक्षण और जांच में सड़क उन्नयन एवं नवीनीकरण का कार्य अमानक और गुणवत्ताहीन पाया गया था। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने 9 फरवरी को ठेकेदार मेसर्स एम.के. गुप्ता एंड कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब मांगा था। ठेकेदार द्वारा नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया। विभाग ने ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए दो वर्ष के लिए उसका पंजीयन निरस्त कर दिया है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के निर्देश पर मामले में दो अधिकारियों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। वहीं दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। लोक निर्माण विभाग के बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता द्वारा चोटिया-चिरमिरी मार्ग के दस कि.मी. लंबाई के उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य (वास्तविक लंबाई 23.30 कि.मी.) के निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल की जांच में डामरीकरण की मोटाई औसतन कम पाई गई। साथ ही किए गए कार्य की डेन्सिटी (घनत्व) भी कम पाई गई। कार्य अमानक स्तर का पाया गया। सड़क के उन्नयन और नवीनीकरण के लिए नियुक्त ठेकेदार मेसर्स एम.के. गुप्ता एण्ड कंपनी, अ वर्ग ठेकेदार, कोरबा द्वारा गुणवत्ता के मापदण्डों का पालन किए बिना ही मार्ग का डामरीकरण कर गुणवत्ताविहीन कार्य कराया गया है, जिससे मार्ग में जगह-जगह गड्ढा हो गया है। अमानक और गुणवत्ताहीन कार्य के लिए मुख्य अभियंता द्वारा ठेकेदार को कम से कम दो वर्ष के लिए प्रतिबंधित किए जाने की अनुशंसा की गई थी। ठेकेदार द्वारा किया गया कार्य शासन एवं लोक हित के विपरीत होने के कारण प्रमुख अभियंता कार्यालय द्वारा ठेकेदार मेसर्स एम.के. गुप्ता एण्ड कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब मांगा गया था। परंतु ठेकेदार द्वारा आज पर्यंत जवाब प्रस्तुत नहीं करने के बाद प्रमुख अभियंता द्वारा दो वर्ष के लिए उसका पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई की गई है।

## गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण और अमानक कार्य पर ठेकेदार निलंबित, लोक निर्माण विभाग ने की कार्रवाई

### निरीक्षण और जांच के बाद चोटिया-चिरमिरी मार्ग का उन्नयन और नवीनीकरण कार्य पाया गया था खराब गुणवत्ता का

**रायपुर।** लोक निर्माण विभाग ने कोरबा जिले के चोटिया-चिरमिरी मार्ग के उन्नयन और नवीनीकरण कार्य में गुणवत्ताहीन निर्माण और अमानक कार्य करने वाले ठेकेदार को निलंबित कर दिया है। लोक निर्माण विभाग के बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता द्वारा विगत 18 जनवरी को निरीक्षण और जांच में सड़क उन्नयन एवं नवीनीकरण का कार्य अमानक और गुणवत्ताहीन पाया गया था। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने 9 फरवरी को ठेकेदार मेसर्स एम.के. गुप्ता एंड कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब मांगा था। ठेकेदार द्वारा नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया। विभाग ने ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए दो वर्ष के लिए उसका पंजीयन निरस्त कर दिया है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के निर्देश पर मामले में दो अधिकारियों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। वहीं दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

लोक निर्माण विभाग के बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता द्वारा चोटिया-चिरमिरी मार्ग के दस कि.मी. लंबाई के उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य (वास्तविक लंबाई 23.30 कि.मी.) के निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल की जांच में डामरीकरण की मोटाई औसतन कम पाई गई। साथ ही किए गए कार्य की डेन्सिटी (घनत्व) भी कम पाई गई। कार्य अमानक स्तर का पाया गया। सड़क के उन्नयन और नवीनीकरण के लिए नियुक्त ठेकेदार मेसर्स एम.के. गुप्ता एण्ड कंपनी, अ वर्ग ठेकेदार, कोरबा द्वारा गुणवत्ता के मापदण्डों का पालन किए बिना ही मार्ग का डामरीकरण कर गुणवत्ताविहीन कार्य कराया गया है, जिससे मार्ग में जगह-जगह गड्ढा हो गया है। अमानक और गुणवत्ताहीन कार्य के लिए मुख्य अभियंता द्वारा ठेकेदार को कम से कम दो वर्ष के लिए प्रतिबंधित किए जाने की अनुशंसा की गई थी।

ठेकेदार द्वारा किया गया कार्य शासन एवं लोक हित के विपरीत होने के कारण प्रमुख अभियंता कार्यालय द्वारा ठेकेदार मेसर्स एम.के. गुप्ता एण्ड कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब मांगा गया था। परंतु ठेकेदार द्वारा आज पर्यंत जवाब प्रस्तुत नहीं करने के बाद प्रमुख अभियंता द्वारा दो वर्ष के लिए उसका पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई की गई है।

# ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की आपूर्ति के लिए आवश्यक तैयारी करें : आयुक्त

**भिलाईनगर।** आगामी ग्रीष्म ऋतु में भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियो को पेयजल की किल्लत न हो इसे लेकर हमे पर्याप्त तैयारी रखना होगा। जिसके लिए समय पर उच्चस्तरीय जलागार की सफाई, पाईप लाईन लिकेजो का संधारण, हैण्ड पम्प, पावर पम्प चालू हालत में हो। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में निगम क्षेत्र के सभी वार्डो के बस्तियो में लोगो को पर्याप्त मात्रा में पेयजल व निस्तारी पानी मिले इसके लिए हमे आवश्यक तैयारी करना होगा। सभी जोन के ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया जाये जहॉ गत वर्ष पानी की समस्या से जुझना पड़ा हो, उन क्षेत्रो के हैण्ड पम्प, पावर पम्प की जॉच कर आवश्यक संधारण किया जावे। पानी टंकी एवं सम्पवेल की सफाई समय पर हो तथा पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाये गये पाईप लाईन का सभी जोन आयुक्त जॉच कर लिकेज पाये जाने की स्थिति में संधारण कार्य पूर्ण करवा लें ताकि आखरी छोर तक पानी का प्रेशर बना रहे। जिन क्षेत्रो में टेंकर के माध्यम से जल आपूर्ति किया जाना है ऐसे मोहल्लो की पहचान कर निविदा संबंधी आवश्यक कार्य समय पर पूर्ण कर लेवें। आयुक्त ने आनलाईन शिकायत पोर्टल निदान में पानी के प्राप्त शिकायतो पर सभी जोन आयुक्त तत्काल कार्यवाही कर निराकरण करने को कहा । जिस किसी भी क्षेत्र का पेयजल जॉच के दौरान दुषित पाया जाता है तो वहॉ तत्काल आवश्यक उपचार कर पानी को पीने योग्य बनाये। उन्होंने जोन स्वास्थ्य विभाग को मितानिन के साथ मिलकर मोहल्लो मे सर्वे करके यह सुनिश्चित कर ले की वहॉ डायरिया, डेंगू जैसे बिमारी का प्रभाव तो नही हो रहा है एवं इसके मरीज पाये जाने पर तत्काल उपचार किया जाये। आयुक्त श्री ध्रुव ने सड़क सुरक्षा के अंतर्गत निगम क्षेत्र में वाहनो के दुर्घटना से बचाव हेतु सड़क पर रखे निर्माण सामग्री, कंडम वाहन के मालिको को नोटिस देकर तत्काल हटाने को सुचित करें। समय अवधि में अगर नहीं हटाया जाता है तो उनके विरूद्ध जुर्माना अधिरोपित करते हुए जप्ती की कार्यवाही करें। सड़क पर लगे अवैध होल्डिंग को भी हटाया जाये। आयुक्त ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में भरे गये आवेदनो की प्रगति, स्कूल जतन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना मे भवन निर्माण की प्रगति, अप्रारंभ कार्य , खराब सड़को का संधारण एवं नाली सफाई का क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

# देश में 5 प्रतिशत लोग गरीब तो 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों दे रहा मोदी सरकार : विनोद चंद्राकर

## गरीबी को लेकर मोदी सरकार प्रदर्शित कर रहा फर्जी आंकड़ा 5 प्रतिशत वाला गरीबी सर्वे चुनावी लाभ लेने की कोशिश

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार ने सरकारी एजेंसियों पर दबाव बनाकर फिर से चुनावी लाभ लेने देश में गरीबी को लेकर फर्जी आंकड़े प्रदर्शित की है। श्री चंद्राकर ने नीति आयोग के सर्वे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग आजकल गरीबी को लेकर झूठ परोस रहा है। किसी तरह से यह सिद्ध करने की कोशिश की जा रही है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने गरीबी मिटा दी है। दावे में सरकार का कहना है कि इस देश का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा अब गरीब रह गया है। यदि ऐसा है तो देश के 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? देश के 35 करोड़ लोगों के पास आवाजाही का कोई साधन और 45 करोड़ लोगों के पास टीवी क्यों नहीं है? रोज़मर्रा की चीजों में भी गिरावट आई है, जो साबित करता है कि लोग खर्च नहीं कर पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 11 साल के बाद जारी किया गया यह उपभोग व्यय भी भारत में लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता को उजागर करता है। यह सर्वेक्षण 5 वर्षों में एक बार आयोजित किया जाता है, लेकिन सरकार ने 2017-18 में डेटा ही नहीं जारी किया, क्योंकि नोटबंदी और त्रुटिपूर्ण जीएसटी के कारण सर्वेक्षण में उपभोग में 40 सालों में सबसे निचले स्तर पर सरक गया और अब डेटा में लीपापोती का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर इस रिपोर्ट को ही मान लें तो सच बड़ा भयावह है कि हिंदुस्तान के सबसे गरीब 5 प्रतिशत लोग अपने पूरे दिन की गुजर बसर सिर्फ और सिर्फ 46 रुपये रोज पर कर रहे हैं। इसी में रोटी, कपड़ा, दवाई, पढ़ाई सब शामिल है। देश में गांव एवं शहर और अमीर एवं गरीब के बीच लगातार खाई बढ़ती जा रही है। भारत के सबसे गरीब 5 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन औसतन 46 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 67 रुपये खर्च करते हैं तो वहीं सबसे अमीर 5 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में 350 रुपये और शहरी भारत में 700 रुपये खर्च करते हैं।

# लौह नगरी में हो रहे अवैध शराब बिक्री सट्टा एवं नशीली दवाई का अवैध कारोबार जोरो पर

## सांसद प्रतिनिधि मनन गुप्ता ने जिला पुलिस अधीक्षक को अंकुश लगाने की मांग का सौंपा पत्र।

**दल्ली राजहरा । संवाददाता।** सांसद प्रतिनिधि मनन गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता शिवालय तीगोटे , रितेश सेन , गुणेश साहू एवं विक्की के साथ दल्ली राजहरा में हो रहे अवैध शराब बिक्री , सट्टा एवं नशीली दवाइयां के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंप कर जल्द से जल्द इस पर अंकुश लगाने के लिए निवेदन किया है द्य मनन गुप्ता ने कहा कि आज लौह नगरी दल्ली राजहरा की स्थिति अवैध कारोबारियों के कारण दिन-ब-दिन बद से बदत्तर होती जा रही है द्य पुलिस प्रशासन के द्वारा इन अवैध कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही भी हो रही है द्य इन्हें पकड़ कर जेल भी पहुंचा जा रहा है द्य इसके बावजूद इन लोगों पर पूर्णतः अंकुश लगाया नहीं जा सका है द्य जिसके कारण इन अवैध कारोबारी का हौसला बुलंद होता जा रहा है द्य पुलिस प्रशासन की ओर से जेल में दाखिल कराया जाता है जुर्माना भी लगाया जाता है लेकिन वहां से छूटने के बाद फिर इन लोग अवैध धंधे में लिप्त होते जा रहे हैं द्य इसी से पता चलता है कि इस धंधे में कितने फायदा हो रहा है इन लोगों को द्य

आज राजहरा की स्थिति देखें तो पूरे 27 वार्ड में कोई भी वार्ड इस अवैध कारोबारियों के प्रकोप से अछूता नहीं है द्य देशी शराब के अलावा जानलेवा कच्ची महुआ शराब भी बेचा जाता है द्य सुबह से लेकर शाम तक शराब प्रेमियों का इन अवैध शराब कोचिंयो के घर के आसपास मंडराते देखा जा सकता हैं द्य इन लोगों के द्वारा शराब के नशे में एक दूसरे पर अश्लील टिप्पणी किया जाता है जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चों के ऊपर गलत प्रभाव पड़ रहा है द्य साथ ही महिलाओं का घर से बाहर निकलना दुभर हो जाता है द्य शराब कोचीयो के द्वारा शराब भट्ठी से बोरों और थैलों में भरकर शराब लेकर आते हैं द्य ये प्रतिदिन के ग्राहक होते हैं द्य इसके बावजूद आबकारी विभाग के कर्मचारी इन पर कार्यवाही क्यों नहीं करते जबकि प्रत्येक शराब भट्ठी में सीसीटीवी कैमरे लगा हुआ है द्य इसके बावजूद इन लोगों का धंधा फल फूल रहा है द्य जो कई संदेह को जन्म देता है द्य इसमे आप आबकारी विभाग की संलिप्तता को झुठला नहीं सकते द्य शराब भट्ठी के कर्मचारी भी इन कोच्चियों के साथ शहर में अवैध शराब के धंधा को संचालित कर रहे हैं। अवैध रूप से रकम बड़ाने के चक्कर में सैकड़ो लोग अपना जमा पूंजी लूटा रहे हैं द्य सट्टे के कारोबार में नाबालिक बच्चों पुरुषों के अलावा महिलाएं भी लिप्त होते जा रहे हैं द्य सट्टा के कारोबार हाईटेक मोबाइल ऐप के माध्यम से संचालित होने के कारण पुलिस प्रशासन के पकड़ में भी आने से बच रहे हैं।

दूसरी ओर गली मोहल्ले में नशे की दवाई बिकना आम बात है सबसे कम लागत और आसानी से छुपाकर रखने वाली नशे की गोली से युवा वर्ग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। युवा वर्ग अपने अपना भविष्य संवारने की दिशा में बढ़ने के बजाय नशाखोरी में लिप्त होते जा रहे हैं और संस्कारहीन होकर अपने घरों के माहौल भी बिगाड़ने में लगे हुए हैं। दल्ली राजहरा के बस स्टैण्ड चौक , मछली मार्केट , सब्जी मार्केट , पंडर दल्ली , राजहरा बाबा तालाब , रामनगर चौक कच्चे दफाई , 256 चौक, पुराना बाजार चौक , महुआ झाड़ के पास पुरानाबाजार, गाँधी चौक, आशा टॉकीज के समीप , व हास्पिटल सेक्टर के कई स्थानों पर इस प्रकार का अवैध कारोबार बड़े ही तेजी से फैल रहा है। इन अवैध कारोबारी के छोटे अपराधी ही पकड़ में आ रहे हैं द्य बड़े स्तर के अपराधी पकड़ में नहीं आ रहे हैं द्य इन पर भी सकती बहुत जरूरी है । इस प्रकार के अवैध कारोबारियों को राजनैतिक लोगों का संरक्षण प्राप्त है। पुलिस प्रशासन के द्वारा लोगों के ऊपर कारवाई की जाती है लेकिन राजनीतिक प्रभाव के कारण कई बार कार्रवाई आगे बढ़ाए बिना छोड़ना पड़ जाता है द्य जिसके कारण इन लोगों की हौसला बुलंद होते जा रहा है। इन लोग विरोध करने वालों को डराने धमकाने का भी काम करते हैं कि मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते हैं द्य शहर में इस प्रकार हो रहे अवैध कारोबार पर तत्काल रोक लगाने हेतु उचित पहल करें , तथा पुलिस प्रशासन को बिना किसी दबाव में आए इन अवैध कारोबारियों पर सख्त कार्यवाही करने का आदेश दे। जिससे शहर में शांति का माहौल बने जिससे अवैध कारोबारियों के जाल में फंसा हुआ दल्ली राजहरा भय मुक्त और अपराध मुक्त राजहरा बन सके।

## जिले में 956 प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्य हुए प्रारम्भ

**कोरबा ।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 956 ग्रामीण हितग्राहियों के आवास निर्माण के कार्य प्रारंभ हो कर दिए गए हैं. सीईओ जिला पंचायत ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवासों का निर्माण कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मानसून आने के पूर्व सभी आवासों के निर्माण कार्य पूर्ण कर लिये जाये.

कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा के द्वारा जिले के शेष एवं अधूरे ग्रामीण आवासों के निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए अधिकारियों तथा मैदानी अमले की सतत समीक्षा की जा रही है. इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करके आवास निर्माण कार्यो की मॉनीटरिंग भी की जा रही है. उनके द्वारा कार्यो में पारदर्शिता तथा सुनियोजित तरीके से शत प्रतिशत आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी बनाये गये हैं. सीईओ जिला पंचायत के द्वारा आवास निर्माण पूर्ण कराने के लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों के सकारात्मक परिणाम फील्ड में प्रारंभ हुए 956 आवास निर्माण के रूप में परिलक्षित हो रहे हैं. जनपद पंचायत करतला में 258, कोरबा में 251, पोडी उपरोडा में 210, पाली में 188 एवं जनपद पंचायत कटघोरा में 49 इस तरह कुल 956 आवासों के निर्माण कार्य शुरू हो गये हैं जिन्हें शीघ्र ही पूर्ण कराया जायेगा जिसका लाभ ग्रामीणों को स्वंय के नये पक्के घर के रूप में मिलेगा।

## नपा मनेंद्रगढ़ में बनाए गए 10 स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर

**मनेंद्रगढ़।** भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु जारी टूलकिट अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का मूल्यांकन देश के समस्त नगरी निकायों में प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत राज्य शहरी विकास अभिकरण नया रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार समस्त नगरी निकायों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकत लाने के उद्देश्य से आम जनों को प्रेरित करने हेतु 10 स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नामांकित किए जाने हैं। जिसके परिपालन में नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ में नपा अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल जी के मार्गदर्शन में शहर के प्रतिष्ठित व विशिष्ट क्षेत्रों में कार्यरत प्रतिभावान 10 व्यक्तियों को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किए गए हैं।

नामांकित ब्रांड एंबेसडर में विगत 25 सालों से साइक्लिंग कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्री सतीश द्विवेदी, भूतपूर्व शिक्षक एवम वरिष्ठ साहित्यकार श्री सतीश उपाध्याय, भूतपूर्व बैंकर एवम प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट श्री जगदीश पाठक, वरिष्ठ साहित्यकार श्री विरेन्द्र श्रीवास्तव, समाजसेवी श्री राशिद अली, भूतपूर्व बैंकर एवम समाज सेवा के धनी व्यक्ति श्री परमजीत कोहली, समाजसेवी श्री उबैद इराकी, शिक्षक एवम कला साहित्यिक प्रतिभा के धनी श्री वेद प्रकाश पांडेय, समाजसेवी श्री शैलेश जैन, नव ऊर्जा से ओत प्रोत फिल्म निर्माता, प्रसिद्ध यू ट्यूबर कलाकार श्री आशु लाल शामिल हैं।

## वरिष्ठ समाजसेवी राजू पटेल को भाजपा में मिली एक और बड़ी जिम्मेदारी

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय एवं व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रदीप सिंह की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद पवन साहू ने बालोद के समाजसेवी एवं नगर पालिका परिषद बालोद के वार्ड नंबर 12 के पार्षद तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष राजू पटेल को भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के पद पर जिला भाजपा कार्यालय बालोद में नियुक्ति पत्र सौपा राजू पटेल की नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भी उनको प्रदेश कार्यालय में आशीर्वाद एवं बधाई दी जिला भाजपा कार्यालय में उन्हें बधाई देने वालों में भाजपा नेताओं में छगन देशमुख, जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, रूपेश सिन्हा, राकेश द्विवेदी ,तोमन साहू, लोकेश श्रीवास्तव, पालक ठाकुर, जगदीश देशमुख, संदीप साहू, संजय साहू, युसूफ खान ,कमल पनपालिया, चंद्रिका प्रसाद दुबे ,संतोष शर्मा ,धीरज दुबे, शंभू पटेल ,मनोज चांडक, धीरूभाई पटेल ,नरेंद्र साहू ,दुर्जन साहू, हरीश दहिया, प्रकाश नाहर, ओमप्रकाश शर्मा ने इस नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति पर पार्टी और अधिक मजबूत होगी राजु पटेल पार्टी के लिए समर्पित नेता है सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मुह मिठा कराकर भाजपा दुपट्टे, पुष्प हार पहना कर सम्मानित किया। इस नियुक्ति पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष राजू पटेल ने कहा कि संगठन ने मुझ पर जो विश्वास किया है उसे मैं हमेशा कायम रखूंगा और संगठन के लिए व व्यापारियों के हित के लिए हमेशा आवाज उठाता रहूंगा। उन्होंने वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ही उनके लिए सर्वोपरि है और वह हर निर्देश का पालन करेंगे।

## नीलकंठ सेवा संस्था महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ करेगी 5 से

रायपुर । श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर नीलकंठ विहार नहर पारा केलकरबाड़ी स्टेशन रोड प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ 5 मार्च से 9 मार्च के मध्य करेगी। प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संस्था के प्रवक्ता नीरज पाण्डेय, नीलकंठ महाराज, साध्वी सौम्या, डॉ. दिव्या देशमुख, उज्ज्वल मिश्रा एवं अंकित जैन ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में वार्ताकारों ने बताया कि उक्त उत्सव का शुभारंभ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद करेंगे। इस अवसर पर धर्म सभा का आयोजन भी किया गया है। 6 मार्च को महामंडेश्वर, हिमांगी सखी का सम्बोधन होगा। 7 मार्च को नीलकंठेश्वर महादेव की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सर्व समाज के प्रमुखों में संत युधिष्ठिर लाल, इंदुभवानंद स्वामी, अनंतपुरी गोस्वामी, कबीरपंथ के पूज्य गुरू खुशवंत साहेब एवं साध्वी सौम्या शोभायात्रा का नेतृत्व करेंगे। 8 मार्च को महाशिवरात्रि 8 बजे भव्य महाआरती आतिशबाजी के साथ 9 मार्च को शाम 6 बजे महाप्रसादी भण्डारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए नीलकंठ महाराज ने बताया कि 5 मार्च को रूद्र महाअभिषेक दोपहर 12 बजे, महादेव का श्रृंगार दो बजे, हल्दी केशर चंदन लेप महिलाओं द्वारा 4 बजे एवं रात्रि 5 से 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही महादेव की आरती सम्पन्न होगी।

## मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्रम वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रविवार को जशपुर के ग्राम बगिया से श्रम वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया । श्रम वैन जशपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में पहुंचकर श्रमिकों का पंजीयन करेगी। जिससे अधिक से अधिक श्रमिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने में सहयोग प्राप्त होगा।

उल्लेखनीय है कि श्रम वैन के माध्यम से जिला-जशपुर के

# कोरबा पुलिस द्वारा 74 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही

**सवाददाता। कोरबा ।** कोरबा पुलिस के द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुए 14 प्रकरणों में कुल 615 लीटर कच्ची महआ शराब एवं 45 पाव प्लेन देशी मंदिरा शराब को किया गया जप्त कुल 14 लोगों पर आबकारी अधिनयम के तहत किया गया कार्यवाही।

कोरबा पुलिस के द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान 66 लोगों के विरुद्ध 36(च) के तहत कार्यवाही किया गया।

पुलिस के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 20 लोगों के विरुद्ध 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया, ज्ञात हो कि आज दिनांक तक कुल 254 कार्यवाही किया गया 75 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर श्री डॉ. संजीव शुक्ला एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थानाध्चैकी के मुख्य मार्ग, चैक चैराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में दिनांक 26ध्02ध्2024 को धाना चैकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब एवं शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध सिख्त से कार्यवाही करने का निर्देश नर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपित्रत अधिकारी थानाध्चैकी के द्वारा अवैध गितिविधयों पर कार्यवाही किया गया है।



कोरबा पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर कार्यवाही करते हुए 14 प्रकरणों में कुल 615 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 45 पाव प्लेन देशी मंदिरा शराब को किया गया जप्त कुल 14 लोगों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत किया गया कार्यवाही। कोरबा पुलिस के द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाके एवं आम जगह पर शराब का सेवन करते हुए मिले 66 लोगों के विरुद्ध 36 (च) के तहत कार्यवाही किया गया।

कोरबा पुलिस द्वारा अवैध रूप से महआ शराब बनाने, रखने एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही

थाना उरगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चितापाली से 300 लीटर कच्ची महआ शराब को किया गया जप्त।

थाना हरदीबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भलपरी से 23 लीटर, ग्राम खमिरया से 45 लीटर एवं ग्राम नवसा से 50 लीटर कच्ची महआ शराब को किया गया जप्त।

थाना बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत अिहरन नदी पुल ऊपर से 45 पाव देशी प्लेन शराब को किया गया जप्त।

थाना बांगो क्षेत्र अंतर्गत ड्रमरमुडा से 30 लीटर, बांगो डैम के पास से 04 लीटर कच्ची महआ शराब को किया गया जप्त।

थाना दीपका क्षेत्र अतगत सिरकी खुद से 23 लीटर, रेलवे फाटक कृष्णा नगर से 75 लीटर कच्ची महआ शराब को किया गया जप्त।

थाना कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुडरूमुडा से 20 लीटर, विजयपुर रोड किनारे से 04 लीटर, चकचकवा मोड़ बायपास रोड से 15 लीटर कच्ची महआ शराब को किया गया जप्त।

चैकी राजगामार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करवा से 03 लीटर, ग्राम बासीनखार से 03 लीटर कच्ची महआ शराब को किया गया जप्त।

कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चैक बौराहा एवं भीडभाइ वाले इलाकों में जाकर पेट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया ब्रिध एनालाइजर के माध्यम से पूरे कोरबा जिले के सभी थाना क्षेत्र में कार्यवाही किया गया, लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष वशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत दो पिहया वाहन, चार पिहया वाहन, पिकअप ट्रक एवं ट्रेलर को चेक किया गया और उन्हें शराब पीकर वाहन न चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया

# दिव्यांग बच्चों के लिए बाधा रहित आवासीय छात्रावास का होगा संचालन

## विशेष शिक्षकों की होगी भर्ती, 15 मार्च तक मंगाए गए आवेदन

**कोरबा संवाददाता।** । जिला खनिज न्यास निधि मद कोरबा द्वारा कक्षा 01 से लेकर 08 तक के दिव्यांग बच्चों हेतु 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास का संचालन डिंगापुर कोरबा में किया जाना है। इसके लिए विशेष शिक्षकों की भर्ती मानदेय के आधार पर की जाएगी। जिसमें विशेष शिक्षक मानसिक मंदता के 01 पद, योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक व विशेष शिक्षक (मानसिक मंदता) में बीएड, विशेष शिक्षक श्रवण बाधित के 01 पद, योग्यता-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक व विशेष शिक्षक (श्रवण बाधित) में बीएड, विशेष शिक्षक दृष्टि बाधित के 01 पद, योग्यता-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक व विशेष शिक्षक (दृष्टि बाधित) में बीएड, विशेष शिक्षक सी.पी के 01 पद, योग्यता-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक व विशेष शिक्षक (सी. पी.) में डीएड, स्पीच थेरेपिस्ट/ऑडियोलॉजिस्ट के 01 पद, योग्यता मान्यता प्राप्त विद्यालय से स्नातक (बीएसएलपी), फिजियोथैरेपिस्ट 01 पद, योग्यता-मान्यता प्राप्त विद्यालय से स्नातक (बी.पी.टी.) तथा शिक्षक संगीत 01 पद योग्यता-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संगीत में स्नातक अथवा समकक्ष होना आवश्यक है। इच्छुक आवेदक उपरोक्त पदों हेतु 15 मार्च 2024 तक साधारण/रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कोरबा में कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से 05 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

## अवैध रूप से ईंट निर्माण पर राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही

कोरबा । एसडीएम पाली एवं राजस्व अमला के साथ खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम सरायपाली में अवैध रूप से कच्चे ईंट निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही की गई। मौके पर काफी मात्रा में ईंट पाया गया है, जिसको लेकर विधिवत कार्यवाही की जा रही है। मौके पर बृजलाल पिता मुकुंद से लगभग 20 हजार ईंट, बुधवार पिता गोरेलाल से 10 हजार ईंट और जानकुंवर पति पवन सिंह के ईंट भट्ठे से 25 हजार ईंट जब्त करने की कार्यवाही की गई है। उपरोक्त लोगों द्वारा पूछताछ में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य के लिए ईंट बनाने संबंधित जानकारी दी गई।

## जिले के दिव्यांग बच्चों को आवश्यकतानुसार मिलेगी विशेष शिक्षा

**कोरबा संवाददाता।।** जिले में दिव्यांग (मानसिक मंदता श्रवण/वाणी बाधित, दृष्टि बाधित, प्रमस्तिष्क पक्षाघात, बहु दिव्यांग) बच्चों को आवश्यकतानुसार विशेष शिक्षा प्रदान की जाएगी। कोरबा के डिंगापुर में 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास का संचालन किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विद्यार्थियों के पालकों तथा अभिभावकों से 05 मार्च तक आवेदन मंगाए गए हैं। जिले की शासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत कक्षा 01 से 08 तक विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चो हेतु प्रयास विद्यालय परिसर में सत्र 2024-25 में 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास संचालित किया जाना प्रस्तावित है। यह विद्यालय जिले का प्रथम निःशुल्क आवासीय बाधारहित विशेष विद्यालय सह छात्रावास होगी। जिसमें अध्ययनरत् बच्चों के लिए सम्पूर्ण आवासीय व्यवस्था के साथ-साथ शिक्षण-प्रशिक्षण, परामर्श, थेरेपी, खेलकूद, भ्रमण एवं अन्य गतिविधियों का लाभ प्रदान करते हुये समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।उक्त छात्रावास परिसर से 20 किलोमीटर की दूरी अंतर्गत आने वाले समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में अध्ययनरत् विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए विद्यालय डे-केयर (गैर आवासीय) की सुविधा होगी एवं 20 किलोमीटर की दूरी वाले शासकीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत् विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चो हेतु निःशुल्क छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# छत्तीसगढ़ महतारी और भारत का गौरव बढ़ाने आगे आएं सभी समाज : श्री अरुण साव

## साहू समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज कोरबा जिला साहू संघ द्वारा आयोजित साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज सभी समाज को साथ लेकर आगे बढ़ने वाला समाज है। समाज के युवा सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। समाज के युवाओं को सही दिशा की ओर ले जाने के लिए और थोड़े प्रयास की जरूरत है। हम सभी समाज के लोग आपस में मिल-जुल कर छत्तीसगढ़ महतारी और भारत का गौरव को बढ़ाने की दिशा में आगे आएं तो हमारा देश लगातार उन्नति की राह में आगे बढ़ेगा। कोरबा के प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित परिचय सम्मेलन में उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, विधायकगण सर्वश्री प्रेमचंद पटेल, बालेश्वर साहू, संदीप साहू, कोरबा के महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, पूर्व गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री टहल सिंह साहू और जिलाध्यक्ष गिरिजा साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, साहू समाज के पदाधिकारी तथा गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्री अरुण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह हर्ष का विषय है कि अब हर जिले में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाता है और इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के लोग एक-दूसरे से जुड़कर समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले का प्रभारी मंत्री होने के नाते उनकी जिम्मेदारी है कि जिले के विकास के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे।

## राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों का तबादला

**रायपुर।** राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 19 अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। आदेश में डिप्टी कलेक्टर,संयुक्त कलेक्टर सहित मंत्रालय में अवर सचिव का तबादला किया गया है। उक्त आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार श्रीमती यामिनी पांडेय गुप्ता सहायक महाप्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड रायपुर को रजिस्ट्रार भूसंपदा नियामक प्राधिकरण रायपुर, पुलक भट्टाचार्य अवर सचिव मंत्रालय को अपर सचिव संचालनालय नगरीय प्रशासन व विकास विभाग इंद्रावती भवन नया रायपुर, डॉ. ऋतु वर्मा उप सचिव छग नवाचार आयोग रायपुर को मंत्रालय कुमार अनुप्रिया मिश्रा रजिस्ट्रार भू संपदा नियामक प्राधिकरण रायपुर को अवर सचिव छग राज्य निर्वाचन आयोग नवा रायपुर हेमंत कुमार मत्स्यपाल सहायक संचालक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण को सहायक महाप्रबंधक छग राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड रायपुर, प्रदीप कुमार साहू अपर कलेक्टर कोरबा को अपर कलेक्टर जशपुर, नरेंद्र पैकरा संयुक्त कलेक्टर सूरजपुर को संयुक्त कलेक्टर कबीरधाम, ऋषिकेश तिवारी संयुक्त कलेक्टर धमतरी को संयुक्त कलेक्टर बस्तर, श्रीमती निशा नेताम मंडावी संयुक्त कलेक्टर जांजगीर चांपा को संयुक्त कलेक्टर बलौदाबाजार भाटापारा, दुलीचंद बंजारे संयुक्त कलेक्टर सुकमा को संयुक्त कलेक्टर गरियाबंद, युगलकिशोर उर्वशा संयुक्त कलेक्टर बेमेतरा को संयुक्त कलेक्टर बिलासपुर, मनीष साहू संयुक्त कलेक्टर उब कांकेर को संयुक्त कलेक्टर बिलासपुर, प्रवीण तिवारी डिप्टी कलेक्टर मुंगेली को डिप्टी कलेक्टर रायगढ़, घनश्याम सिंह तंवर भूअर्जन अधिकारी जल संसाधन विभाग बिलासपुर ...........

# सरस्वती शिशु मंदिर चाम्पा में हुआ पूर्व छात्र छात्राओं का सम्मेलन

**चांपा।** सरस्वती शिक्षा संस्थान की योजनानुसार मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ कार्यक्रम के अनुक्रम में सरस्वती सेवा मंडल एवं सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्र छात्राओं के संयुक्त तत्वावधान में 25 फरवरी 2024, रविवार को पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित हुआ ।

उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ माँ सरस्वती, भारत माता एवं प्रणव (?) के तैल्यचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ । दीप प्रज्जवलन पश्चात सरस्वती वंदना, अतिथियों का स्वागत एवं परिचय, प्राचार्य अश्विनी कश्यप द्वारा प्रस्तावना, मुख्य अतिथि व्यास कश्यप जी (विधायक चांपा विधानसभा) द्वारा उदबोधन, मुख्य वक्ता डॉ. देवनारायण साहू (संगठन मंत्री सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रान्त) द्वारा पूर्व छात्र सम्मेलन का महत्व, तिलभाण्डेश्वर बाल कल्याण समिति के सचिव डॉ. शांति कुमार सोनी द्वारा अध्यक्षीय आशीर्वचन, तत्पश्चात प्रथम आठवीं उत्तीर्ण 1989 बैच के पूर्व छात्र भैया बहिनों का सम्मान, पूर्व आचार्य एवं दीदीयों का सम्मान, सरस्वती सेवा केंद्र के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ । मंच पर मुख्य अतिथि व्यास कश्यप, डॉ. देवनारायण साहू, तिलभांडेश्वर बाल कल्याण समिति के माननीय अध्यक्ष हनुमान कुमार देवांगन, सचिव डॉ. शांति कुमार सोनी, प्राचार्य अश्विनी कश्यप, परिचय मिश्रा (प्रान्त संयोजक पूर्व छात्र परिषद्) उपस्थित रहे ।

## संपादकीय

### राहुल क्या वायनाड से लड़ेंगे?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए लोकसभा सीट का चुनाव मुश्किल काम होता जा रहा है। वे पिछली बार दो सीटों से लड़े थे, जिसमें अमेठी से हार गए थे और केरल की वायनाड सीट से जीते थे। इस बार भी वे वायनाड सीट से नामांकन करेंगे तो घर बैठे चुनाव जीतेंगे। लेकिन उनके सामने एक नैतिक बाधा खड़ी हो गई है। सीपीआई के महासचिव डी राजा की पत्नी ऐनी राजा को सीपीआई ने उस सीट से उम्मीदवार बना दिया है। राजा के साथ राहुल के बहुत अच्छे संबंध हैं। अगर वहां दोनों आमने सामने होते हैं तो उसका असर देश के दूसरे हिस्सों में भी देखने को मिलेगा। सीपीआई के नेताओं ने कांग्रेस के ऊपर दबाव बनाना भी शुरू कर दिया है कि राहुल को वायनाड से नहीं लडना चाहिए।राहुल के साथ दूसरी मुश्किल यह है कि उत्तर प्रदेश में परिवार की पारंपरिक सीटों- अमेठी और रायबरेली में लड़ाई लगातार मुश्किल होती जा रही है। पिछली बार वे अमेठी से हारे थे और सोनिया गांधी रायबरेली से जीत गई थीं। लेकिन इस बार सोनिया गांधी को चुनाव नहीं लडना है। कहा जा रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली से लड़ सकती हैं।लेकिन दूसरी ओर भाजपा ने इन दोनों सीटों को लेकर बड़ी तैयारी की है। इन दोनों लोकसभा सीटों के तहत आने वाली विधानसभा सीटों से जीते समाजवादी पार्टी के विधायकों को भाजपा ने तोड़ दिया है। अमेठी की अदिति सिंह पहले ही भाजपा में चली गई थीं और अब ऊंचाहार के मनोज पांडेय भी भाजपा में जा रहे हैं। आसपास के सभी ठाकुर और ब्राह्मण विधायक भाजपा के साथ हो गए हैं। इसलिए दोनों में से कोई लोकसभा सीट सुरक्षित नहीं है। तभी राहुल के लिए वायनाड छोडना बहुत आसान नहीं होगा।



### दीवारों के कान होते है।

बच्चे घरों की जान होते हैं,
दीवारों के अब कान होते है।

बेईमानी ईमान है उनका अब,
बेईमानो के अलग ईमान होते है।

सियासत में होती है चालबाजी,
हुक्मरानों के कच्चे कान होते है।

पर्दा किया करो जितना हो सके,
रिश्तेदारों में हैवान होते है।

इबादत भी किया करो शिद्दत से,
खुदा कइयों से अनजान होते है।

चला करो सीधे रास्तो से हमेशा,
कई कई रास्ते सुनसान होते है।


कातिल भला बेखौफक्यों है अब,
बचाने उन्हें सारे हुक्मरान होते है।

किस किस पर यकीन करोगे ,
सगे रिश्तो में भी शैतान होते है।

पड़ोसियों से भी रखो अच्छे संबंध
मुसीबत में वो सच्चे इंसान होते हैं।

मोहब्बत जिंदगी का इक फलसफा संजीव,
कुछ नेक आशिक बड़े कद्रदान होते हैं।।

**- संजीव ठाकुर,**



## विज्ञान क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता ही विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगी

भारत ऋषि परंपरा का देश रहा है। युग को चार भागों में विभाजित किया गया है- सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलयुग। ये सभी युग अपनी विशेष तकनीकी और प्रौद्योगिकी के लिए जाने जाते हैं। प्राचीन भारत में विज्ञान का विकास तब हो चुका था। प्राचीन भारत के लोगों में विज्ञान के प्रति गहरी रूचि थी। उपनिषद में उल्लेख है कि प्राचीन भारतीय लोग ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत उत्सुक रहते थे। वायु स्थिर क्यों नहीं रह सकती ? मनुष्य का मस्तिष्क विश्राम क्यों नहीं करता ? पानी क्यों और किसकी खोज में बहता है? प्राचीन भारत के लोगों का दर्शन से घनिष्ठ सम्बन्ध था। दर्शन का सम्बन्ध अनुभूति से है। प्राचीन काल के ऋषि मुनियों ने अपनी अनुभूतियों के द्वारा नए नए आविष्कार को जन्म दिया। इसका एक उदाहरण त्रेतायुग का पुष्पक विमान है।

ऋषि वाल्मीकि की रामायण के अनुसार, पुष्पक विमान का प्रारूप एवं निर्माण विधि ब्रह्म ऋषि अंगीरा ने बनाई थी। पुष्पक विमान की कार्य क्षमता और उसके निर्माण का श्रेय भगवान् विश्वकर्मा को जाता है। तत्पश्चात भगवान् विश्वकर्मा ने पुष्पक विमान को भगवान् ब्रह्मा को उपहार स्वरूप सौंप दिया था। उसके बाद ब्रह्मा ने यह विमान कुबेर को भेंट स्वरूप दे दिया था। रावण ने अपने छोटे भाई कुबेर से बलपूर्वक उसकी सोने की नगरी लंका और पुष्पक विमान को ले लिया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार यह विमान मन्त्रों के जरिये चलता था। ये विमान एक प्रकार का अंतरिक्ष यान था। ये सोने की धातु का बना था। इसे अपने मन की गति से असीमित चलाया जा सकता था। यह विमान यात्रियों की संख्या और वायु के घनत्व के अनुसार अपना आकार छोटा या बड़ा कर सकता था। पुष्पक विमान की शक्ति और क्षमता के आगे आधुनिक विमान तुच्छ प्रतीत होता है। पुष्पक विमान का विद्युत चुम्बकीय प्रभाव इतना शक्तिशाली था कि यदि आज के समय में ये उड़ान भरे तो विद्युत और संचार जैसी व्यवस्थाएं ध्वस्त हो जाएगी। हाल ही में 5000 वर्ष पुराने विमान को अफगानिस्तान की गुफाओं में पाया गया है।

दावा किया जाता है कि ये पुष्पक विमान ही है। यह जहां पाया गया है वहाँ इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव (विद्युत चुंबकीय तरंग) का प्रभाव बहुत ज्यादा था जिसकी वजह से इस यान के पास जा कर कोई भी व्यक्ति वापस नहीं लौटा। पौराणिक कथाओं के अनुसार पुष्पक विमान स्ट्रेंज एनर्जी (अजीब ऊर्जा) से घिरा हुआ रहता था। श्रीलंका में भी रावण के सोने की लंका को पुरातत्व विभाग ने खोज लिया है और रामायण काल के 50 स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। इससे साबित होता है कि त्रेतायुग में स्वदेशी तकनीकी या प्रौद्योगिकी बहुत विकसित थी। आधुनिक वायुयान का आविष्कार दो अमेरिकी भाई (राइट ब्रदर्स) ओरविल और विल्बर ने 17 दिसंबर, 1903 को किया था। भारत का इतिहास सिंधु घाटी सभ्यता से प्रारंभ होता है जिसे हम हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जानते हैं। यह सभ्यता लगभग 2500 ईस्वी पूर्व दक्षिण एशिया के पश्चिमी भाग मैं फैली हुई थी, जोकि वर्तमान में पाकिस्तान तथा पश्चिमी भारत के नाम से जाना जाता है। सिंधु घाटी सभ्यता मिस्र, मेसोपोटामिया, भारत और चीन की चार सबसे बड़ी प्राचीन नगरीय सभ्यताओं से भी अधिक उन्नत थी। वर्ष 1920 में, भारतीय पुरातत्त्व विभाग द्वारा किये गए सिंधु घाटी के उत्खनन से प्राप्त अवशेषों से हड़प्पा तथा मोहनजोदडो जैसे दो प्राचीन नगरों की खोज हुई। हड़प्पा सभ्यता की खोज दयाराम साहनी ने वर्ष 1921 में की थी। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मोंटगोमरी जिले में रावी नदी के तट पर स्थित है। मनुष्य के शरीर की बलुआ पत्थर की बनी मूर्तियाँ, अन्नागार और बैलगाड़ी हड़प्पा सभ्यता की महत्वपूर्ण खोज है। मोहन जोदड़ो जिसे मृतकों का टीला भी कहा जाता है। इसकी खोज राखलदास बनर्जी ने वर्ष 1922 में की थी। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लरकाना जिले में सिंधु नदी के तट पर स्थित है। विशाल स्नानागर, अन्नागार, कांस्य की नर्तकी की मूर्ति, पशुपति महादेव की मुहर, दाढ़ी वाले मनुष्य की पत्थर की मूर्ति और बुने हुए कपड़े मोहनजोदड़ो सभ्यता की महत्वपूर्ण खोजें हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि प्राचीन भारतीय स्थल शिल्पकारी, भवन निर्माण या वास्तुविद आदि जैसी तकनीकियों के प्रमाण हैं। प्राचीन भारत में सारी तकनीकियां स्वदेशी हुआ करती थी। प्रकृति से प्राप्त वस्तुओं में तकीनीकी का इस्तेमाल कर स्वदेशिता को बढ़ावा दे सकते हैं। इसका सबसे अच्छा उदहारण आयुर्वेद है। आयुर्वेद शास्त्र का विकास उत्तरवैदिक काल में हुआ था।

आयुर्वेदाचार्य चरक ने 'चरक संहिता' लिखा था। इसमें विभिन्न रोगों के उपचार के लिए आयुर्वेदिक औषधियों की व्याख्या की गई है। जिन्हें सही मात्रा और तरीके से प्रयोग करने के उपाय भी दिए गए हैं। आयुर्वेद के माध्यम से स्वदेशी तकनीकी का उपयोग किया जा सकता है। ऋग्वेद में ऋचाओं का संकलन है जिनके मंत्रोच्चार से शरीर स्वस्थ्य और स्फूर्तिवान होता है। ऋग्वेद के ज्ञान से भी स्वदेशी हुआ जा सकता है। सामवेद संगीत का संकलन है जो आपको नवीनता देता है। यजुर्वेद में यज्ञ आदि कर्मकांडों का विवरण मिलता है जिससे वातावरण और समाज शुद्ध होता है। अतएव हम कह सकते हैं कि हिंदू धर्म के चारों वेद स्वदेशी होने का अच्छा उदाहरण हैं। आध्यात्मिक बल पर प्राप्त की गई शक्तियों का सबसे अच्छा उदाहरण पुष्पक विमान और हमारे वेद हैं। अपने देश में निर्मित वस्तु, विचार, अध्यात्म और प्रकृति आदि कारक स्वदेशी होने को परिलक्षित करते हैं। प्राचीन भारत सिर्फ आध्यात्मिक दर्शन के बल पर विकसित था और आज का भौतिक दर्शन के बल पर विकाशशील है। जब भारत में आध्यात्मिक दर्शन, भौतिक दर्शन के साथ कदम मिलाकर चलेगा तब भारत विकासशील से विकसित भारत हो जाएगा। अध्यात्म आपकी कार्य क्षमता को बढ़ाता है। विज्ञान एक खोज है। खोज, बिना अध्यात्म के सम्भव नहीं है। अध्यात्म विज्ञान को बल प्रदान करता है। वास्को डी गामा ने मई 1498 में भारत की खोज की। वह अटलांटिक महासागर के माध्यम से भारत पहुंचने वाले पहले यूरोपीय थे। वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की यह विज्ञान का हिस्सा है।

एडिसन ने बल्ब का आविष्कार किया यह तकनीकी या प्रौद्योगिकी का हिस्सा है। कहने का तात्पर्य विज्ञान, खोज (डिस्कवरी) पर आधारित होता है। प्रौद्योगिकी या तकनीकी, आविष्कार पर आधारित होता है। विज्ञान साक्ष्य के आधार पर एक व्यवस्थित पद्धति का पालन करते हुए प्राकृतिक और सामाजिक दुनिया के ज्ञान और समझ की खोज और अनुप्रयोग है। प्रौद्योगिकी व्यावहारिक उद्देश्यों या अनुप्रयोगों के लिए वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग है, चाहे वह उद्योग में हो या हमारे रोजमर्रा के जीवन में। इसलिए, मूल रूप से, जब भी हम किसी विशिष्ट उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपने वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग करते हैं, तो हम प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे होते हैं। थॉमस एडिसन को प्रौद्योगिकी के जनक के रूप में जाना जाता है। गैलीलियो को विज्ञान का जनक कहा जाता है। विज्ञान के विकास से प्रौद्योगिकी का विकास होता है क्योंकि बहुत सारी प्रौद्योगिकियाँ वैज्ञानिक सिद्धान्तों पर आधारित होतीं हैं। 28 फ़रवरी 1928 को भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने रमन प्रभाव (रमन इफ़ेक्ट) के खोज की घोषणा की थी। अतएव राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक वर्ष की फ़रवरी माह के 28 तारीख को मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 का प्रसंग/थीम है- विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीकी। स्वदेशी, स्वाभिमानी और स्वावलम्बन स्वतंत्रता का प्रतीक हैं। स्वदेशी तकनीकी अर्थात अपने देश में निर्मित तकनीकी का इस्तेमाल करना या कराना। जब हम अपने आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ किसी भी स्वदेशी तकनीकी का इस्तेमाल करते हैं तो विकास की पूरी संभावना होती है। बिना अध्यात्म का विकास, विनाश का कारण बनता है। भारत एक आध्यात्मिक देश है। अतएव यहां स्वदेशी तकनीकी का इस्तेमाल भारत को पूर्णरूप से विकसित भारत की श्रेणी में खड़ा करेगा। भारत का चंद्रयान-3 मिशन स्वदेशी तकनीकी का सबसे ज्यादा जीता जागता उदाहरण है। चंद्रयान-3 भारत का एक महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन था जो 24 अगस्त, 2023 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, चंद्रयान 3 रोवर प्रज्ञान लैंडर से नीचे उतर गया था और भारत ने चंद्रमा पर सैर की। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश हो गया है। चंद्रयान-3 चाँद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने का भारत का दूसरा प्रयास था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीकी का प्रयोग भारत के लिए राम बाण साबित होगा। अभी हाल ही में तीन स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियां- थर्मल कैमरा, सीएमओएस कैमरा और फ्लीट मैनेजमेंट सिस्टम- 4 फ़रवरी 2024 को भारत में 12 उद्योगों को हस्तांतरित कर दी गईं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत @ 2047 पहल के नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय की दिशा में एक कदम है। पहली तकनीकी- थर्मल स्मार्ट कैमरे में विभिन्न एआई आधारित एनालिटिक्स चलाने के लिए एक इनबिल्ट डीपीयू है। स्वदेशी प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग स्मार्ट शहरों, उद्योगों, रक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभिन्न कार्य क्षेत्रों के लिए लक्षित किया गया है। इस कैमरे का क्षेत्रीय कार्यान्वयन, परीक्षण और सत्यापन सड़क यातायात अनुप्रयोगों के लिए किया गया था। प्रौद्योगिकी को एक साथ निम्नलिखित आठ उद्योगों में हस्तांतरित किया गया था। दूसरी तकनीकी- इंडस्ट्रियल विज़न सेंसर आईवीआईएस 10 जीआईजीई एक सीएमओएस आधारित विज़न प्रोसेसिंग सिस्टम है जिसमें आने वाली पीढ़ियों के औद्योगिक मशीन विज़न अनुप्रयोगों को निष्पादित करने के लिए एक शक्तिशाली ऑन-बोर्ड कंप्यूटिंग इंजन है। यह प्रौद्योगिकी मेसर्स स्पूकफिश इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित की गई है। तीसरी तकनीकी- फ्लीट मैनेजमेंट सिस्टम, जिसमें फ्लेक्सीफ्लीट, पर्सनलाइज्ड ट्रांजिट रूट गाइडेंस सिस्टम के लिए परिचालन रणनीतियां शामिल हैं। फ्लेक्सीफ़्लीट का उद्देश्य संचालन को अनुकूलित करना और बेड़े ऑपरेटरों और पारगमन एजेंसियों की दक्षता में वृद्धि करना है। वाहन स्थान ट्रैकिंग के अलावा, यह ओवरस्पीडिंग, जियोफेंस, इग्निशन, निष्क्रिय, रुकना और रैश ड्राइविंग जैसी विभिन्न स्थितियों के लिए अलर्ट प्रदान करता है। पर्सनलाइज्ड ट्रांजिट रूट गाइडेंस सिस्टम एक मोबाइल ऐप है जिसका उद्देश्य यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है क्योंकि यह यात्रियों को उनकी पसंद के सबसे कुशल या वैयक्तिकृत मार्ग चुनने का विकल्प प्रदान करता है। यह तकनीक एक साथ तीन उद्योगों को हस्तांतरित की गई। अतएव हम कह सकते हैं कि स्वदेशी तकनीकी, विकसित भारत का पर्याय है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से स्वदेशी तकनीकी का उपयोग, विकसित भारत को परिलक्षित करेगा। **यह निजी विचारहै।**

## जीवन में आशाओं के अनंत आकाश

### प्रगति के रथ पर संघर्ष,जिजीविषा से जीवन के सर्वोत्तम लक्ष्य की प्राप्ति।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर क1 तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला



कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा ,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है।इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी,लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है, ऐसे में पूर्व में किए गए कार्यों को निरंतर सुधार कर उसे नए रूप में प्राप्त करना मनुष्य की अभिलाषा हो सकती है,पर इसके लिए अथक मेहनत संघर्ष आत्मविश्वास एवं संयम की आवश्यकता होगी तभी जाकर हम अपने नए-नए लक्ष्यों को विकास तथा प्रगति के पैमाने पर टटोलकर आगे बढ़ा सकते हैं। पर लक्ष्य की प्राप्ति के साधन जरूर सच्चे ,पवित्र और मानव कल्याण की ओर अग्रेषित होने चाहिए, तब ही विकास प्रगति चाहे वह आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक अथवा वैज्ञानिक ही क्यों ना हो सफल हो सकती है।

**संजीव ठाकुर**
**यह निजी विचार है।**

## मंडी में मनीष सिसोदिया नहीं बिके!

**हरिशंकर व्यास**

भाजपा ने भर्ती मेला लगा रखा है, जिसको अब मिलन समारोह का नाम दिया गया है। इस मेले में कहीं से आकर कोई भी भी नेता बिक रहा है। भर्ती हो जा रहा है। तभी इस सप्ताह जब दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के जेल में एक साल पूरे होने की खबर सुनी तो लगा यह बंदा अलग निकला। इसने भाजपा के आगे सरेंडर नहीं किया। ऐसे ही आप के सांसद संजय सिंह का मामला है। वे भी जेल में है।इन दोनों के पास मौका था।वे भी भाजपा में भर्ती हो जाते तो उनकी मुश्किलें समाप्त होती। वे भी साफ-सुथरे हो जाते। सोच सकते हैदेश की राजनीति अभी जैसी है और नेता, विधायक, सांसद जैसे बिक रहे है तो इन दोनों ने सौदा न करके क्या मूर्खता नहीं की?ये बिना मतलब के राजनीतिक विचारधारा से चिपके है।पार्टी और नेता के प्रति निष्ठा की डोर से बंधे है और जेल में सड़ रहे है!मनीष सिसोदिया को जेल में बंद हुए 26 फरवरी को एक साल हुआ। वे धन शोधन कानून की जिस धारा के तहत गिरफ्तार हुए हैं उसमें दोषी होने पर अधिकतम सात साल की सजा होती है। लेकिन बिना सुनवाई के ही वे एक साल से जेल में बंद हैं। अगर किसी तरह से वे बरी हो गए तो क्या होगा? जेल में बिताया गया उनका समय कौन लौटाएगा? केंद्र की सर्व शक्तिशाली एजेंसी कह रही है कि जमानत दे दी तो वे सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं।सवाल है कि अब कौन सा सबूत बाहर बचा हुआ है, जो ईडी ने जब्त नहीं कर लिया है? जिनको आरोपी के तौर पर गिरफ्तार किया था उनको सरकारी गवाह बना लिया गया है और सारे सबूत दो केंद्रीय एजेंसियों- सीबीआई और ईडी के कब्जे में हैं। फिर भी एजेंसियों को लग रहा है कि सिसोदिया सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे, गवाहों को प्रभावित करेंगे और उससे भी हैरानी की बात यह है कि अदालतों को इस परीकथा पर यकीन भी है। देश की सर्वोच्च अदालत ने सिसोदिया का मामला सुनते हुए एजेंसियों से कहा था कि सबूत लाएं नहीं तो यह केस सुनवाई के दौरान एक मिनट नहीं टिकेगा। फिर भी उनको जमानत नहीं मिली।पर सिसोदिया का जीवट देखिए कि वे न तो सरकारी गवाह बने और न भाजपा की सदस्यता लेकर अपनी जान बचाई। सोचें, उनका बेटा बाहर रहता है और पत्नी की तबियत बहुत ज्यादा खराब है। अदालत के आदेश से उनको अपनी बीमार पत्नी से मिलने का मौका मिलता है। फिर भी उन्होंने जमानत के लिए या अपने मुकदमे में राहत के लिए कोई समझौता नहीं किया। इसी तरह संजय सिंह को धन शोधन के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। लेकिन सारा मामला परिस्थितिजन्य सबूतों पर आधारित है। उनको चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था।वे भी पांच महीने से जेल में हैं। उनकी जमानत का भी विरोध इस आधार पर है कि वे बाहर आए तो सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे और गवाहों को प्रभावित करेंगे। इस लिहाज से कह सकते हैं कि देश की सबसे बड़ी समस्या गवाहों और सबूतों की सुरक्षा का है। अगर केंद्र सरकार की ताकतवर एजेंसियों को यह खतरा घेरे रहता है कि उसके पास जो सबूत हैं या उसके जो गवाह हैं उन्हें प्रभावित किया जा सकता है तो फिर ये एजेंसियां किस बात की ताकतवर हैं? दुनिया के किसी भी सभ्य देश में ऐसा नहीं होता है।गिरफ्तारी के तुरंत बाद आरोपी की हैसियत के हिसाब से बॉन्ड जमा करा कर जमानत दी जाती है और जल्दी से जल्दी सुनवाई पूरी करके फैसला होता है। भारत में सबूतों और गवाहों की सुरक्षा के एक लचर तर्क के आधार पर आरोपियों को लंबे समय तक जेल में रखा जाता है और उसके बाद दशकों तक सुनवाई चलती रहती है, फैसला नहीं आता है। सोचे इस देश की कानून-व्यवस्था ही क्या तानाशाही, लोगों को डराने, गुलाम बनाने का तानाबाना नहीं है। क्या सुप्रीम कोर्ट ने कभी इस पर विचार किया?बहरहाल, जेल में बंद सिसोदिया और संजय सिंह ने राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता और दलगत निष्ठा की मिसाल बनाई है। इन दोनों चीजों का भारतीय राजनीति से भयावह क्षरण है। सत्ता के साथ जुडना या पद की भूख हर नेता के जीवन की प्राथमिकता हो गई है। केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से अपनी और अपने परिवार के दूसरे सदस्यों की रक्षा करना भी ज्यादातर नेताओं की चिंता है। इसलिए भाजपा के लिए बहुत आसान है कि वह किसी भी नेता को तोड़ ले।चार दशक तक कांग्रेस के साथ रहे नेता किसी न किसी निजी स्वार्थ या डर के कारण पार्टी बदल रहे हैं। ऐसे समय में अपेक्षाकृत युवा और राजनीति में नए आए सिसोदिया और संजय सिंह जैसे लोग यदि वैचारिक प्रतिबद्धता और निष्ठा जैसे बुनियादी मूल्यों को बचाए हुए हैं तो यह अच्छे चेहरे बचे होने की उम्मीद है।अभी जिस तरह से घोड़ों की मंडी की तरह नेताओं की मंडी लगी है और नेताओं की खरीद फरोख्त हो रही है उसमें कुछ नेता अगर अपनी जमीन पकड़ कर खड़े हैं तो वे राजनीति के बुनियादी आदर्शों की ओर दूसरे लोगों के लिए मिसाल तो बन ही सकते हैं। **यह निजी विचार है।**

# नगरीय निकायों में अब स्वीकृत कार्यों के लिए भी लेनी होगी अनुमति

0-अधोसंरचना मद एवं राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत स्वीकृत अप्रारंभ कार्यों को शुरू करने लेनी होगी दोबारा मंजूरी

0-नगरीय प्रशासन विभाग ने वित्तीय अनुशासन और शासकीय व्यय में मितव्ययिता बरतने वित्त विभाग के निर्देश के अनुपालन में नगरीय निकायों को जारी किया परिपत्र

0-विभाग ने प्राथमिकता वाले अप्रारंभ व निरस्त कार्यों को 2023-24 के प्रस्ताव में पुनः शामिल कर स्वीकृति के लिए संचालनालय या सूडा भेजने कहा



**रायपुर,** प्रदेश के नगरीय निकायों में वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक स्वीकृत अप्रारंभ कार्यों को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में पुनः स्वीकृति के बाद ही प्रारंभ किए जा सकेंगे। नगरीय निकायों में अधोसंरचना मद एवं राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत स्वीकृत अप्रारंभ कार्यों को शुरू करने के लिए विभाग से पुनः मंजूरी लेनी होगी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने वित्तीय अनुशासन और शासकीय व्यय में मितव्ययिता बरतने वित्त विभाग के निर्देश के अनुपालन में नगरीय निकायों को परिपत्र जारी किया है। विभाग ने नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में प्राथमिकता वाले अप्रारंभ व निरस्त कार्यों को वर्ष 2023-24 के प्रस्ताव में पुनः शामिल कर स्वीकृति के लिए संचालनालय या राज्य शहरी विकास अभिकरण भेजने को कहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगमों के आयुक्त तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जारी परिपत्र में कहा है कि राज्य शासन द्वारा शासकीय व्यय में मितव्ययिता बरतने के संबंध में समय-सीमा पर निर्देश जारी किए गए हैं। इसी अनुक्रम में वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से वित्त विभाग द्वारा पुनः निर्देश जारी किए गए हैं। परिपत्र में सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि इस परिपत्र के जारी होने के दिनांक से राज्य बजट से वित्त पोषित सभी अप्रारंभ निर्माण कार्यों को वित्त विभाग की पुनः सहमति के उपरांत ही प्रारंभ किया जाए। अधोसंरचना मद एवं राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 में स्वीकृत ऐसे कार्य जो अप्रारंभ हैं, उन्हें निरस्त किया जाता है। परिपत्र में कहा गया है कि यदि अप्रारंभ या निरस्त किए गए कार्य संबंधित नगरीय निकाय की प्राथमिकता में हैं, तो ऐसे कार्यों को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रस्ताव में पुनः शामिल कर विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मदवार पृथक-पृथक नवीन पूर्ण प्रस्ताव संचालनालय या राज्य शहरी विकास अभिकरण को प्रेषित करें।

## सशक्त जशपुर के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सामग्री का किया वितरण

**रायपुर,** । सशक्त जशपुर के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अपने गृह ग्राम बगिया में दिवांगजनों को सामग्री का किया वितरण। उन्होंने हितग्राही को दिव्यांग प्रमाण पत्र,बस पास, अन्य सामग्रियों का वितरण किया। सशक्त जशपुर अभियान का उद्देश्य जशपुर जिला को सभी क्षेत्रो में सशक्त करना है, जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, पर्यटन, सड़क, बिजली, पेयजल आदि को योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्य की प्राप्ति कर सुविधओं को उपलब्ध कराना है कार्यक्षेत्र सर्व विकासखंड जिला जशपुर होगा। प्रथम कार्ययोजनाः सर्व प्रथम सशक्त जशपुर अभियान निःशक्ता से सशक्ता की ओर कार्यक्रम संपूर्ण जिले में चला रही है, इसके अंतर्गत जशपुर जिला के सभी दिव्यांगो का चिन्हाकन कर, सभी को समुचित इलाज कराना, दिव्यांग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना, उन्हे आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराना एवं जो इच्छुक है रोजगार हेतु उन्हें कौशल विकास में प्रशिक्षण देकर रोजगार प्रदाय कराना । जशपुर जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड में प्रशासन के दल द्वारा सर्वे किया गया है, विकासखंड के प्राप्त आंकडे अनुसार जशपुर जिलें में कुल दिव्यांग 15488 है जिसमें 884 कौशल विकास में प्रशिक्षण उपरांत रोजगार हेतु इच्छुक है।

## शॉर्ट न्यूज

### युवक ने अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलकर लगाई आग

**कोरबा** । पावर हाउस रोड स्थित व्यावसायिक काम्प्लेक्स एस एस प्लाजा परिसर में शनिवार देर रात एक युवक ने अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलकर आग लगा लिया। एकाएक हुई घटना से आसपास के लोगों में अफ्रा तफ्री मची गई। सजकता का परिचय देते हुए कुछ लोगों ने मिलकर आग को बुझाया और युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना उपरांत यहां डायल 112 और कोतवाली पुलिस पहुंची। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि एस एस प्लाजा में संचालित बालाजी बर्तन भंडार में उक्त युवक अजय काम किया करता था। संचालक विकास अग्रवाल विक्की ने बताया कि अजय उसके यहां का कर्मचारी है और शादी में जाने की बात कह कर 2 फ्रवरी को अपना हिसाब किताब कर पैसे लेकर छुट्टी पर चला गया। इसके बाद वह काम पर नहीं लौटा है। उसने 1500 एडवांस भी लिया हुआ है। अजय की पत्नी उसी के दुकान में काम करती है। संचालक विकास अग्रवाल की मानें तो पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अनबन थी और अजय आज उससे मिलने के लिए दुकान पहुंचा था। इसके कुछ देर बाद रात करीब 9.30 से 10 के बीच अजय ने एसएस प्लाजा से बाहर निकल कर बन्द सराफ दुकान के सामने खुद पर कोई ज्वलनशील पदार्थ उड़ेल कर आग लगा लिया। आग की लपटों में युवक को घिरा देख आसपास के लोग वहां दौड़े भागे पहुंचे और आग को बुझाया। युवक को पुलिस के आने से पहले वाहन की मदद से जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती करा दिया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा आवश्यक पूछताछ और पड़ताल शुरू कर दी गई है कि आखिर अजय ने यह कदम क्यों उठाया? अजय का बयान आने के बाद ही सारी तस्वीर साफहोगी कि उसने पारिवारिक कारण से यह सब किया, या फ्रि वजह कुछ और हैं।

### रविशंकर जोन कार्यालय व सियान सदन में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प शिविर

कोरबा । नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत रविशंकर जोन कार्यालय एवं सियान सदन में विकसित भारत संकल्प शिविरों के तीसरे चरण का आयोजन किया गया। इन दोनों शिविरों में काफी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा योजनाओं के लाभ से लाभांवित हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महत्वाकांक्षी मिशन '' विकसित भारत संकल्प यात्रा '' के सफ्ल क्रियान्वयन हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत तीसरे चरण के शिविरों का आयोजन 26 फ्रवरी से पुनः प्रारंभ किया गया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देश में आयोजित किए जा रहे इन शिविरों की कड़ी में आज रविशंकर जोन कार्यालय एवं सियान सदन में विकसित भारत संकल्प शिविरों के तीसरे चरण का आयोजन किया गया। शिविर में भारत सरकार की जनहितैषी योजनाएं उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पी.एम. स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार कार्ड सीडिंग तथा स्वास्थ्य विभाग आदि के स्टाल स्थापित किए गए थे, इन स्टालों में काफी संख्या में नागरिक पहुंचे, योजनाओं की जानकारी ली, साथ ही हितग्राहीगण योजनाओं के लाभ से लाभान्वित भी हुए। शिविर में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के माध्यम से भारत सरकार की विविध जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी आमजन को प्रदान की गई। इन स्थलों पर विभिन्न तिथियों में लगेंगे शिविर - विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर तृतीय चरण के अंतर्गत 28 फ्रवरी को प्रथम पाली में वार्ड क्र. 36 स्थित मंगल भवन जोन आफ्सि के पास व द्वितीय पाली में वार्ड क्र. 43 स्थित सामुदायिक भवन में शिविर लगेंगे, वहीं 29 फ्रवरी को प्रथम पाली में वार्ड क्र. 57 सर्वमंगला जोन कार्यालय के पास शिविर लगाया जाएगा। प्रथम पाली के शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक तथा द्वितीय पाली के शिविर का समय दोपहर 2.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक रहेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर पदक जीतना गौरवान्वित करने वाला - मुख्यमंत्री साय



0 मुख्यमंत्री से वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल विजेता सुश्री स्नेहा बंजारे ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर,** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज यहां राज्य अतिथि गृह पहुना में वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप, दुबई में सिल्वर मेडल विजेता सुश्री स्नेहा बंजारे ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने पर सुश्री बंजारे को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए यह उपलब्धि हासिल करना गौरवान्वित करने वाला है। इससे प्रदेश का मान बढ़ा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आपकी सफ्लता से प्रदेश के बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी और कराटे के खेल में लड़कियां आगे आएंगी। बेटियों ने सदैव मिथकों को तोड़ने का काम भी किया है। हर क्षेत्र में बेटियों ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। उन्होंने खिलाड़ी सुश्री बंजारे से प्रतियोगिता के बारे में जानकारी ली। साथ ही प्रतियोगिता में जीते हुए मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि यूएई में आयोजित विश्व कराटे चैंपियनशिप में कोरबा जिले की स्नेहा बंजारे ने सीनियर वर्ग के 68 किलो ग्राम वर्ग में रजत पदक जीता है। प्रतियोगिता में विश्व के 84 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। भारत से 49 खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ से एक मात्र खिलाड़ी के रूप में स्नेहा का चयन हुआ था।

## आईटीएम विवि में जल परिचर्चा के साथ पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**लोकशक्ति । रायपुर।**

आईटीएम विश्वविद्यालय रायपुर के स्कूल ऑफकॉमर्स, मैनेजमेंट एंड रिसर्च ने अंडर ग्रेजुएट कॉमर्स छात्रों के लिए नया रायपुर स्थित विवि परिसर में पर्यावरण जागरूकता पर एक विशेष कार्यक्रम ÷वॉटर टॉक÷ जल परिचर्चा का आयोजन किया। केंद्रीय भूजल बोर्ड, जल शक्ति मंत्रालय (भारत सरकार) से प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. रजनी कांत शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। वाइस चांसलर डॉ. सुमेर सिंह, डायरेक्टर जनरल सुश्री लक्ष्मी मूर्ति एवं स्कूल ऑफकॉमर्स, मैनेजमेंट एंड रिसर्च के प्रोफेसर एवं हेड डॉ. यासीन शेख के सक्रिय पहल और सतत मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जल वैज्ञानिक, प्रेरक वक्ता और एक पर्यावरणविद् के रूप में यहाँ छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. शर्मा ने जल संसाधन, जल की उपलब्धता और उपयोग, जल की कमी, जल की गुणवत्ता, जल संसाधनों के संरक्षण, चुनौतियाँ और उनके मौजूदा खतरों के बारे में विस्तार से बताया। जल संरक्षण एवं प्रबंधन की दिशा में एक नवीन विचार के रूप में वाटर फुटप्रिंट पर चर्चा करते हुए उन्होंने इसकी अवधारणा को बड़ी गहनता से समझाया।

इसमें मनुष्यों द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक उत्पाद एवं सेवाओं को उत्पाद और सेवाओं के उत्पादन में शामिल पानी की खपत की नजर से देखा जाता है। इस कार्यक्रम में सौ से अधिक छात्र उपस्थित थे जो इस बहुमूल्य जल संसाधनों पर मौलिक परिचर्चा में भाग लेकर बेहद लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के अंत में कॉमर्स प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. खुशबू साहू ने आभार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नितिन जायसवाल एवं प्रो.आकांक्षा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात वैज्ञानिक डॉ. रजनी कांत शर्मा ने डायरेक्टर जनरल सुश्री लक्ष्मी मूर्ति, प्रोफेसर डॉ. यासीन शेख, डॉ. रुपेश ठाकुर से जल जागरूकता एवं संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों के साथ शोध एवं परियोजना कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।

सांसद सुनील सोनी की अध्यक्षता में हुई संसदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर हुआ गहन मंथन

o दुर्घटनाजन्य स्थानों पर झाड़ियों की कटाई और बोर्ड लगाने के दिए निर्देश




**रायपुर** रायपुर सांसद सुनील सोनी की अध्यक्षता में आज यहां कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में संसदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार विमर्श करते हुए विस्तृत समीक्षा की गई तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने विशेष पहल करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में श्री सुनील सोनी ने कहा कि राजधानी में सड़क चिन्हित कर यातायात को व्यवस्थित करने का उपाय अपनाया जाए। जिसके लिए प्रमुख चौक-चौराहों पर ट्रैफ्कि पुलिस जवान की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों को चिन्हित कर दूर करने के उपायों में काम किया जाए। आम लोगों को सड़क दुर्घटना से बचने के विभिन्न उपाय जैसे हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जाए। बैठक में मेक इन इंडिया चौक से वीआईपी टर्निंग नेशनल हाईवे-53 में घनी झाडियों को कटवाने और राहगीरों को सावधान करने के लिए दुर्घटनाजन्य स्थल का बोर्ड लगाने निर्देश दिए। साथ ही अन्य स्थान जैसे पारागांव, बंगोली, सिर्री इत्यादि जहां पर झाड़ियों के झुंरमुट के कारण जहाँ भी दुर्घटना होने की आशंका है, वहां झाड़ियों की कटाई की जाए।

श्री सोनी ने रिंग रोड नंबर 01 मठपुरैना में ट्रैफ्कि सिग्नल लगाने, सिलतरा के पास सड़क में रंम्बल्ड स्ट्रिप लगाने, टाटीबंध फ्लाईओवर में ड्रेन का काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही कलेक्टर डॉ. गौरव एवं एसपी श्री संतोष सिंह ने सड़कों के किनारे कंडम वाहन और निर्माण सामाग्री हटवाने निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आवश्यकतानुसार चौक-चैराहों पर हाईमास्ट लाईट लगाया जाए जिससे अंधेरा दूर होगा और दुर्घटना कम होगी। बैठक में अवैध पार्किंग में खडें ट्रकों-ट्रेक्टर इत्यादि वाहनों के पीछे रेडियम लगाने के सुझाव दिया गया। नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्कूल में खुलेआम शराबखोरी करने वाला शिक्षक गिरफ्तार



**बिलासपुर-रायपुर,**। स्कूल में शराब पीने वाला शिक्षक पुलिस की गिरफ्त में आ गया है. जिसके बाद आरोपी शिक्षक ने वीडियो जारी कर अपने कृत्य के लिए माफी मांगी है. वीडियो में शिक्षक आगे से इस तरह का काम ना करने की बात कह रहा है. साथ ही शासन से मांफी मांग रहा है।

बता दें कि मस्तूरी क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला मचहा स्थित स्कूल में आरोपी शिक्षक महिला प्रधान पाठक के सामने बैठकर शराब पी रहा था. घटना के बाद आरोपी शिक्षक संतोष केवट को सस्पेंड कर दिया गया था. आरोपी के खिलाफ पचपेड़ी थाने में एफ्आईआर भी दर्ज थी. उसी समय से आरोपी शिक्षक फ्रार चल रहा था। जिस दिन शिक्षक शराब पी रहा था उस दिन बच्चे और दूसरे टीचर स्कूल में मौजूद थे. स्कूल की प्रधान पाठक तुलसी चौहान भी उसी कक्ष में मौजूद थीं. दूसरे टीचर भी काम पर लगे हुए थे. इसी समय यहां पदस्थ सहायक शिक्षक संतोष कुमार केंवट नशे की हालत में अपने साथ शराब और चखना लेकर स्कूल पहुंचा. स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों के सामने शराब और बैग में रखा चखना निकाला और कार्यालय कक्ष में मौजूद प्रधान पाठक तुलसी चौहान के सामने शराब की बोतल खोलकर पैग बनाकर पी रहा था।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# एस पी विवेक शुक्ला ने ली क्राईम मीटिंग: अपराध रोकने दिए अनेक निर्देश

### एस पी विवेक शुक्ला ने ली क्राईम मीटिंग अपराध रोकने दिए अनेक निर्देश



**जांजगीर चांपा** – पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला द्वारा आज जिले के समस्त राजपतित्र अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारियों का क्राईम मिटिंग लेकर अनेक निर्देश दिया गया है । इस कड़ी में मिटिंग में गंभीर अपराधों एवं महिला संबधि अपराधों के फरार आरोपियों का पतासाजी कर तत्काल गिरफ्तार कर प्रकरण का निकाल करने हेतु निर्देश दिया गया।थाना में लंबित अपराध/ चालान, शिकायत, मर्ग का त्वरित निराकरण कर निकाल करना सुनिश्चित् करें। थाना चौकी क्षेत्र में यदि अवैध शराब / गांजा के बिक्री की सूचना मिलती है तो आरोपियों के विरूद्ध त्वरित विधिसम्मत कार्यवाही करना सुनिश्चित् करें। थाना /चौकी क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनायें रखने हेतु अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना चौकी में आने वाले शिकायतकर्ता / आवेदकों से शालीनता व शिष्टता से ब्यवहार किया जावें। थाना/चौकी क्षेत्रों में चलित थाना लगाकर जनता की समस्या/शिकायतों से रूबरू होकर विधिसंमत कार्यवाही कर त्वरित निराकरण करने निर्देशित किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य मार्ग में बीना हेलमेट लगायें वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने तथा मोटर सायकल चालकों को हेलमेड पहनकर वाहन चलाने हेतु समझाईस देवे तथा तीन सवारी, बिना नं. प्लेट के वाहनो एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालो के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने निर्देश दिया गया। थाना चौकी क्षेत्रों के हर मुख्य चौक चौराहो में CCTV कैमरा 15 दिवस के भीतर लगावे जो रोड तक कवर करें साथ ही लगायें गये कैमरा की देखरेख के लिए थाना /चौकी में कार्यरत् ष्टष्ट्ठ्रह्स आरक्षक को समय समय पर चालु या खराब की स्थिति को चेक करने निर्देशित किया गया।सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क पर लापरवाही पूर्वक खड़े कियें वाहनो के विरूद्ध धारा 283 भादवि के तहत विधिसंमत कार्यवाही करना सुनिश्चित् करें। दुर्घटना जन्य क्षेत्रो में रम्बल स्ट्रीक तैयार कर लगाने तथा सड़कों पर मोड़ वाली जगह पर पेड़ो में रेडियम लगाया जावें ताकि दुर्घटना में कमी ला सकें।

थाना/चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बीट प्रणाली लागु करें तथा बीट में अधिकारी नियुक्त करें उनके साथ प्रआर/आर नियुक्त करे ताकि बीट प्रभारी अपने स्टाफ के साथ अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण करें तथा जनताओं के साथ समन्वय बनाकर किसी प्रकार की कोई घटना होती है तो उसकी जानकारी तत्काल प्राप्त करें ताकि आरोपी की शीघ्रातिशीघ्र पकड़ा जा सकें।थाना /चौकी प्रभारी अपने अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक रात्रि गस्त ड्यूटी करना सुनिश्चित् करें, साथ ही पर्याप्त बल भी का रात्रि गस्त ड्यूटी लगावे।अधिक से अधिक लंबित स्थायी / गिरफ्तारी वारंटो की तामीली हेतु हर संभव प्रयास कर तामिली/अदम तामिली की जानकारी से माननीय न्यायालय को अवगत कराना सुनिश्चित् करें।

थाना/चौकी क्षेत्र में निवासरत् पूर्व में चोरी / डकैती / लूट के प्रकरण में जो गिरफ्तार हुए हो, वर्तमान में जेल से रिहा हो चुके हो उनके ऊपर निगरानी रखे साथ ही उनसे समय-समय पर पूछताछ किया जावें।

अपराधिक / मर्ग प्रकरणों में अभी तक स्नस्रुरिपोर्ट प्राप्त नही हुआ है संबंधित रासायनिक विधि विज्ञान प्रयोग शाला को पत्राचार कर रिपोर्ट प्राप्त कर विधिसंमत निराकरण करने निर्देशित किया गया। उपरोक्त मिटिंग में अनिल सोनी अति. पुलिस अधीक्षक जांजगीर, विजय पैकरा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जांजगीर, यदुमणि सिदार स्ठह्लक्क चाम्पा, प्रदीप कुमार सोरी स्ठह्लक्क जांजगीर, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, राजेन्द्र श्रीवास्तव स्टेनो (शीघ्र लेखक), सउनि अश्वनी राठौर (रीडर-1) एवं जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारीगण उपस्थित रहें।

## कलेक्टर ने बच्चों को दवा पिलाकर कर जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

### जिले के 0 से 05 वर्ष तक के 1 लाख 53 हजार 914 बच्चों को दी जाएगी पोलियों खुराक

जांजगीर-चांपा



**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज नन्हे बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद की खुराक पिलाकर राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जांजगीर में किया । जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों अभियान 03 मार्च से 05 मार्च 2024 चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया ने बताया कि तीन दिवसीय अभियान में जांजगीर जिले के 0 से 05 वर्ष तक के 1 लाख 53 हजार 914 बच्चों को पोलियों खुराक दी जाएगी। अभियान के पहले दिन 03 मार्च को बुथ स्तर पर एवं 04 तथा 05 मार्च 2024 को बुथ गतिविधियों में छुटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा गृह भेंट कर पोलियों की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। जिले में 922 बुथ बनाए गए जिसमें ग्रामीण स्तर में 767, शहरी स्तर में 155 तथा ट्रांजिट दल 21 एवं मोबाईल दल 10 बनाए गये हैं। जिसमें कुल 2766 वैक्सीनेटर एवं 129 पर्यवेक्षक उक्त अभियान में कार्य सम्पादित करेंगे। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने सभी अभिभावकों से अपील हैं कि वे अपने 05 साल तक के सभी बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद की खुराक अवश्यक पिलायें।

## जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे ने महतारी वंदन योजना के तहत आज विभिन्न बैंक का किया निरीक्षण

### आधार सीडिंग, खाता सक्रिय और डीबीटी कार्य कराने के दिए निर्देश

**जांजगीर चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल कुमार रावटे ने महतारी वंदन के तहत आज विभिन्न बैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने बैंक अधिकारी को सभी का आधार सीडिंग, खाता सक्रिय और डीबीटी कार्य कराने के दिए निर्देश दिए। कलेक्टर श्री छिकारा ने बैंक शाखा प्रभारियों को निर्देशित करते हुए रविवार को बैंक खोलकर केवल महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के बैंक खाते से आधार सीडिंग, खाता सक्रिय एवं डीबीटी सक्रिय कराये जाने का कार्य संपादित करने कहा था। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ÷महतारी वंदन योजना÷ की क्रियान्वयन की कार्यवाही की जा रही है। इस योजना के तहत पात्र 21 वर्ष से अधिक विवाहित महिला, त्यागशुदा महिला, परित्यक्ता महिला को प्रतिमाह राशि रू. 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) उनके आधार लिंक खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान किया जाना है।




## आईटीएम विवि में मतदाता पहचान पत्र बनाने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन






**जांजगीर चांपा** / आईटीएम विश्वविद्यालय रायपुर ने यंग इंडियंस -सीआईआई के सहयोग से नया रायपुर स्थित विवि परिसर में मतदाता पहचान पत्र के महत्व और इसकी नामांकन प्रक्रिया पर एक मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण से जिला परियोजना अधिकारी डॉ. कामिनी बावनकर इस कार्यक्रम में गेस्ट स्पीकर के रूप में मौजूद थीं। विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. बावनकर ने उन्हें भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन मतदाता पहचान पत्र पंजीकरण प्रक्रिया के लिए नामांकन से जुड़ी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इसके आगे मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया जिससे ये छात्र छात्राएं अपने परिवार, आस-पास क्षेत्रों एवं समाज के अन्य लोगों को वोटर बनने हेतु तथा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक करते हुए लोकतंत्र का महत्व समझा सकें। इस अवसर पर वोटर लिस्ट में सभी अर्ह वोटरों का पंजीकरण सुनिश्चित किए जाने और मतदान के प्रति मतदाताओं की जागरूकता पर जोर दिया । गेस्ट स्पीकर ने राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल - एन.वी.एस.पी., वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में बताया कि इस ऐप पर निर्वाचन से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध हैं, तथा इस ऐप के माध्यम से वोटर बनने हेतु आनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी हो और उसमें उनकी सक्रिय भागीदारी हो। आईटीएम यूनिवर्सिटी के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग से प्रो. स्फूर्ति पाठक ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया।


## पान दुकान में मिला हुक्का-पॉट का जखीरा, 17 लाख का माल जब्त...

**एजेंसी।** हुक्का से संबंधित प्रतिबंधित सामाग्रियों की बिक्री-भण्डारण करने वाले पान दुकान के संचालक को गिरफ्तार किया गया है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत जयस्तंभ चैक के पास मयूरा होटल के बाजू स्थित राज पान पैलेस में प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित सामग्रियों की बिक्री की जा रहीं है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध पीताम्बर सिंह पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू तथा उप पुलिस अधीक्षक क्राईम दिनेश सिन्हा द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गोलबाजार को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को हुक्का से संबंधित प्रतिबंधित सामग्रियों के पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गोलबाजार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त पान दुकान में अपना पाईटर भेजकर हुक्का से संबंधित सामग्री का टेस्ट पर्चेस कराया गया, टेस्ट पर्चेस के दौरान पान दुकान में उपस्थित व्यक्तियों द्वारा हुक्का से संबंधित प्रतिबंधित सामग्रियों की बिक्री करना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा उक्त पान दुकान में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान दुकान में 2 व्यक्ति उपस्थित थे जिन्होने पूछताछ में अपना नाम अशोक कुमार मंधानी एवं अनुराग मंधानी होना बताने के साथ ही स्वयं को पान दुकान का संचालक होना बताये। टीम के सदस्यों द्वारा पान दुकान की तलाशी लेने पर पान दुकान में हुक्का से संबंधित सामाग्री रखा होना पाया गया।




# मेहनत ऐसी करो कि आपका हस्ताक्षर एक दिन ऑटोग्राफबन जाए : ओपी चौधरी

### वित्त मंत्री ने छात्रों से की परीक्षा पर चर्चा, बढ़ाया मनोबल, सवालों के दिए जवाब



**रायपुर** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि सफलता असफलता जीवन का हिस्सा है लेकिन व्यक्ति को लगातार अपनी काबिलियत पर काम करना चाहिए, व्यक्तित्व को मजबूत बनाना चाहिए, कठिन परिस्थितियों में सकारात्मक भाव से धैर्य के साथ अपना प्रयास जारी रखना चाहिए। ये गुण किसी भी व्यक्ति के लिए जीवन में सफल होने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वित्त मंत्री चौधरी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से छात्रों को परीक्षा की तैयारियों को लेकर मार्गदर्शन दे रहे थे। उन्होंने बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिणाम की चिंता किए बगैर अपना बेस्ट देने पर फोकस करें। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत ऐसी करो कि आपका हस्ताक्षर एक दिन ऑटोग्राफबन जाए।

वित्त मंत्री ने कहा कि व्यक्ति को अपने भीतर ऐसे मानवीय गुणों का विकास करना चाहिए जो उसके सफलता के लिए सहायक हो। लक्ष्य के प्रति समर्पण और परिश्रम करने की क्षमता बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे फर्क नही पड़ता कि आप असफल होते हो, अगर आप ईमानदारी से प्रयास करते हैं तो आगे बड़ी सफलता को जरूर प्राप्त करेंगे। उन्होंने अपनी शैक्षणिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए बताया कि आईएएस बनने के लक्ष्य के साथ उन्होंने मेहनत की। परिस्थितियां कैसी भी हों, हमेशा अपना बेस्ट देने का प्रयास किया। इससे वे देश की सबसे कठिन परीक्षा पास करने में सफल रहे। आगे उन्होंने राजनीतिक जीवन में प्रवेश करने का निश्चय किया। इसके लिए भी लगातार मेहनत की।

इस मौके पर उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब दिए चिन्मय डनसेना ने पूछा कि परीक्षा के एक दिन पहले होने वाले तनाव को कैसे दूर करें। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि परीक्षा के दौरान तनाव स्वाभाविक है। लेकिन आप यह ध्यान रखें कि पूरे साल भर के मेहनत का सार परीक्षा के 3 घंटों में निकलता है। इसलिए अपना मन शांत रखें और उन 3 घंटों में शांत चित्त से अपना बेस्ट देने पर फोकस करें। परिणाम की चिंता मत करें। इससे चिंता और तनाव के कारण होने वाली गलतियों की संभावनाएं भी काफी कम हो जाएंगी।गीता में भी कहा गया है कि व्यक्ति को कर्म करने चाहिए फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। प्रयास अच्छा है तो परिणाम भी अच्छा होगा। सिर्फ टॉपर होना या स्कूल में अच्छे परसेंटेज लाना ही जीवन में सफलता की गारंटी नहीं है। कई सफल लोग अपनी स्कूली और कॉलेज की पढ़ाई में असफल हुए लेकिन जीवन में उन्होंने सफलता के कीर्तिमान रचे और जीनियस कहलाए। रामानुजन 12 वीं की परीक्षा में फेल हो गए थे, लेकिन आगे चल कर वे महान गणितज्ञ बने। मुंशी प्रेमचंद अपने प्रतिभा से शीर्ष साहित्यकारों में शुमार हुए। बिल गेट्स और स्टीव जॉब्स कॉलेज ड्रॉपआउट थे। लेकिन उन्होंने अपनी काबिलियत से जो काम किया आज वो इतिहास है। एक छात्र ने जब वित्त मंत्री चौधरी से पूछा कि वे अपना सिलेबस रिवीजन कैसे करते थे तो उन्होंने बताया कि नोट्स बनाकर पढ़ने से रिवीजन अच्छा होता है। नोट्स ऐसा हो जिस पर एक नजर मारने से पूरा चैप्टर क्लियर हो जाए। रिवीजन परीक्षा की तैयारी का अहम हिस्सा है।

**इमोशनल इंटेलिजेंस भी सफलता के लिए बेहद जरूरी** – प्राची गुप्ता ने पूछा कि आज आईक्यू के साथ इक्यू को भी सफलता के लिए जरूरी बताया जाता है, यह क्या होता है। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने इस आज के समय में इक्यू को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आईक्यू बुद्धिमत्ता को दर्शाता है। वहीं इक्यू भावनात्मक गुणांक को बताता है। आज इमोशनल इंटेलिजेंस बहुत जरूरी है। यह विचार को लेकर भावनात्मक समझ और नकारात्मकता से निपटने में व्यक्ति की योग्यता को बढ़ाता है। यह बताता है कि हम अपने व्यक्तित्व को किस तरह से लेकर चल रहे हैं। किसी व्यक्ति का ईक्यू अच्छा होगा तो वह मन में आने नेगेटिव विचार के कारणों को समझ कर उसे दूर करने के लिए सही कदम उठा पाएगा। कठिन परिस्थिति में व्यक्तित्व बिखरेगा नही बल्कि उचित निर्णय ले पाएगा।

**पालक भी समझें बच्चों की योग्यता, अनावश्यक न लादें उम्मीदों का बोझ**

निधि बघेल ने पूछा कि कई बार माता पिता और शिक्षकों के उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन करने को लेकर दबाव महसूस होता है, इसे कैसे दूर करें। इस पर वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने कहा कि छात्र अपना बेस्ट दें और मन में यह भाव रखें कि मैंने अपनी क्षमता और योग्यता ने अनुरूप पूरा प्रयास किया है। कई बार परिणाम ऊपर नीचे हो सकते हैं। लेकिन इसको लेकर अनावश्यक दबाव नहीं लेना चाहिए। उन्होंने पालकों से भी अपील करते हुए कहा कि बच्चों की क्षमता को समझें। उसे बढ़ाने के लिए उनका मनोबल बढ़ाएं। उन पर उम्मीदों का बोझ बिलकुल न लादें। उन्हें हाई परसेंटेज लाने का प्रेशर न डालें। बच्चों को सकारात्मक माहौल देंगे और उनका आत्मविश्वास बढ़ाते रहेंगे तो वे उम्मीद से ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**प्रयास संस्था और नालंदा परिसर से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की मिलेगी सुविधा**

वित्त मंत्री ने बच्चों को आगे क्लैट, यूनिवर्सिटीज के एंट्रेंस एग्जाम के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर जागरूक रहकर परीक्षा की तैयारी करने और उसमें शामिल होने की बात कही। उन्होंने बताया कि रायगढ़ में प्रयास संस्था खुलने जा रही है। पहली बार संभागीय मुख्यालय से बाहर रायगढ़ में यह संस्था खुलने जा रही है। यहां 11 वीं और 12 वीं के छात्रों को स्कूली शिक्षा के साथ आईआईटी, मेडिकल एंट्रेंस नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की निःशुल्क सुविधा भी मिलेगी। यह एक आवासीय संस्था होगी। साथ ही यहां नालंदा परिसर भी खुलने जा रहा है। इन सुविधाओं से यहां के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के लिए अच्छा माहौल मिलेगा। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत ऐसा करो कि आपका हस्ताक्षर एक दिन ऑटोग्राफबन जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### रेतघाट पर विधायक ने दबिश देकर अवैध उत्खनन रुकवाया

**महासमुंद-रायपुर,(आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के रेत घाटों में अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर विधायक ने सक्रियता दिखाते हुए घाट में अवैध उत्खनन रुकवाया हे।

चिंगरौद व हथखोज रेत घाट से रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन लगातार मिल रही शिकायतों के बाद महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने दबिश दी. रेत परिवहन में लगे दर्जनों वाहनों को रोकने के साथ जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी. बता दें कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रेत चोरों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है. जिस पर जिला खनिज विभाग की टीम निर्देश पर अमल नहीं कर रहे है. रेत चोरी रोकने में नाकाम साबित हो रहे है।

### कैंप 1 में पकड़ाया पीडीएस चावल

**भिलाई** नगर-रायपुर, औद्योगिक क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड में गुरूद्वारा के पास लगभग 25 बोरियों में पीडीएस चावल लेकर जा रहे लोगों को भाजपा कार्यकर्ता अवतार सिंह गिल और रोहित यादव ने रोक कर थाना ले गए थे। आज एक बार फिर से कैम्प-1 संग्राम चौक में पीडीएस चावल की बोरियां पकडाई है।

पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि यह चावल पीडीएस का है जिसे किसी राहुल गुप्ता उर्फनिक्की के कहने पर गाड़ियों में भर कर बोरियां बदलने ले जाया जा रहा था। इसी दौरान भाजपा के कार्यकर्ता अवतार सिंह गिल और रोहित यादव की नजर पड़ी और उन्होंने संग्राम चौक के पास एक घर के भीतर चावल की लगभग 30 बोरियां देख पुलिस को खबर की। बोरियों को लादने खड़े वाहन को भी रोक लिया गया है। खाद्य विभाग को सूचना दे चावल वैशाली नगर थाना ले जाया गया है। विधायक रिकेश सेन ने साफ निर्देश दिए हैं कि वैशाली नगर विधानसभा में कोई भी अवैध काम नहीं होगा। गरीबों का चावल कांग्रेस शासनकाल में इसी तरह दलालों की चांदी बन रहा था। चावल माफिया गरीबों का हक मार लाखों की चांदी काट रहे थे, अब ऐसे लोगों पर भाजपा कार्यकर्ता पूरी नजर रख रहे हैं।

### पखांजूर में पुलिस-नक्सल मुठभेड़ : मौके से नक्सली के शव के साथ एके-47 बरामद

**0-इलाके की सर्चिंग जारी**

कांकेर-रायपुर, उत्तर बस्तर कांकेर के पखांजूर में नक्सलियों और पुलिस पार्टी के बीच भीषण मुठभेड़ की खबर हैं। इस एनकाउंटर में एक नक्सली के मारे जानें की खबर हैं। बस्तर में नक्सलियों की कायराना हरकतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार गोलीबारी और पुलिस को नुकसान पहुंचाने की नियत रखने वाले नक्सलियों ने एक बार फिर से पुलिस पार्टी को निशाने पर लिया हैं। जानकारी के मुताबिक माओवादियों की तरफसे हुई गोलीबारी में एक पुलिस का जवान भी शहीद हुआ हैं। वही तीन अन्य जवान घायल हुए हैं। मुठभेड़ के बाद पुलिस को सर्चिंग में एके-47 राइफल और ढेर हुए नक्सली का शव बरामद हुआ हैं। बहरहाल पुलिस ने इलाके में सर्चिंग अभियान तेज कर दी हैं।

### पल्स पोलियो अभियान : मुख्यमंत्री ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

रायपुर, राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की आज से शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने गृह ग्राम बगिया में नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बून्द पिलाकर इस राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्रीसाय ने इस दौरान अपने निवास स्थान से बच्चे दिव्यांश यादव,डेविड साय एवं शीतल पैकरा को गोद में लेकर ड्रॉप पिलाया। मुख्यमंत्रीसाय ने अभिभावकों से आव्हान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक अवश्य पिलाये ताकि कोई भी बच्चा छूटे न। ज्ञात हो कि आज राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च 2024 को आयोजित किया जा रहा है। पल्स पोलियो अभियान तीन दिवस तक चलाया जायेगा।



## आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रही छत्तीसगढ़ सरकार: उपमुख्यमंत्री

रायपुर संवाददाता।

**बुधवारी स्थित आदिवासी शक्तिपीठ के कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री** कोरबा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव और उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री लखनलाल देवांगन, बुधवारी स्थित आदिवासी समाज के शक्तिपीठ के 14वें स्थापना समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने आदिवासी शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और तरक्की के लिए आशीर्वाद भी मांगा। इस दौरान परिसर में 45.84 लाख रूपए के डोम का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री साव ने कहा कि यह आदिवासी समाज के लिए गौरव की बात है कि आज समाज की महिला देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर है। इसी तरह आदिवासी समाज के लिए यह भी गौरव की बात है कि आदिवासी समाज से आने वाले श्री विष्णुदेव साय जो कि बहुत सीधे-सादे, सरल और सज्जन हैं। अपनी काबिलियत और परिश्रम के बल पर गांव के एक पंच से लेकर सांसद और छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। समाज को ऐसे महान विभूतियों से प्रेरणा मिलती है। छत्तीसगढ़ की सरकार आदिवासी समाज सहित सभी समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। सरकार का ध्येय है कि हर व्यक्ति के हाथ में काम हो, उन्हें रहने के लिए पक्का मकान मिले और योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवार आर्थिक रूप से समृद्ध बने। सरकार द्वारा आदिवासी समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने तथा उनका भविष्य गढ़ने की दिशा में काम किया जा रहा है। सभी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

# 154 नागरिकों को तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाकर दिये गये



**विकसित भारत संकल्प यात्रा तृतीय चरण : जोन 5 के वार्ड 40 में केन्द्र सरकार, राज्य शासन की योजनाओं से पात्र 719 नागरिक लाभान्वित**

**o वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने 350 नागरिकों ने लिया सामूहिक संकल्प**

रायपुर, छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार, उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देशन में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का तृतीय चरण प्रगति पर है । आज केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को जानकारी देकर अधिकाधिक संख्या में लाभान्वित करने नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 के ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्रमांक 40 के तहत जोन 5 कार्यालय परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तृतीय चरण का शिविर दिन की पहली पाली में लगाया गया। नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 5 के तहत ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्रमांक 40 के शिविर की व्यवस्था का अवलोकन नगर निगम के एमआईसी सदस्य जितेन्द्र अग्रवाल ने जोन 5 जोन कमिश्नर सुशील कुमार चैधरी , कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह सहित जोन के अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में 1863 नागरिकों ने केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसमें विभिन्न योजनाओं में पात्रता अनुसार 719 नागरिक पंजीकृत किये गये। शिविर में केन्द्र सरकार की लोक हितकारी पीएम विश्वकर्मा योजना से 10 नागरिक पात्रता अनुसार लाभान्वित हुए। शिविर में आयुष्मान कार्ड 154 नागरिकों को तत्काल बनाकर दिये गये, वहीं 30 नागरिकों को आधार कार्ड तत्काल बनाकर दिये गये। स्वास्थ्य शिविर में 521 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी 738 नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में पहुंचकर प्राप्त की । शिविर में पीएम स्वनिधि योजना में पात्रता अनुसार 4 हितग्राहियों को पंजीकृत किया गया । विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्रमांक 40 के शिविर में आयोजित क्वीज प्रतियोगिता में 28 नागरिकों ने भाग लिया । वहीं 25 नागरिकों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी स्पर्धा में सम्मिलित होकर अपनी सफलता की कहानी स्वतः नागरिकों को सुनायी। शिविर में 350 नागरिकों को भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का सामूहिक संकल्प दिलवाया गया।



## जिला किसान मोर्चा मंडल ग्रामीण की संयुक्त बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**बालोद,** जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा बालोद में आज दिनांक 01-03-2024 को जिला किसान मोर्चा एवं ग्रामीण भाजपा मंडल बालोद के संयुक्त रूप से बैठक रखी गई जिसमें किसान मोर्चा की ओर से आगामी 9 मार्च को वृहद किसान सम्मेलन राजधानी रायपुर में आयोजित होना तय हुआ है। जिसके लिए आने-जाने की व्यवस्था सहित पूरी रूपरेखा बनाई गई। जिसमें प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए अपनी बात रखी वहीं ग्रामीण मंडल बालोद के द्वारा मंडल के समस्त बूथ हेतु लाभार्थी संपर्क प्रभारी बनाया गया उनके लिए कार्यशाला का भी आयोजन था। जिसमें उनका बूथ में जाकर के लाभार्थी से कैसे संपर्क करनी है मोदी जी की योजना का कैसे लाभ मिला और कैसे परिवर्तन हुआ इन सदस्यों को लेकर के आगामी 5 दिनों के अंतर्गत सभी प्रभारी गण बूथों में जाएंगे और उनको जो भी पत्र दी गई है उसे पत्र का वितरण करेंगे साथी उनसे फीडबैक लेकर के दिल्ली भेजी जाएगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से जिला भाजपा के अध्यक्ष पवन साहू किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष तोमन साहू मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू वरिष्ठ नेता छगन देशमुख जिला उपाध्यक्ष श्री राकेश यादव जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, प्रदेश कार्य समिति किसान मोर्चा सालिक जगदीश देशमुख जिला महामंत्री हेमंत साहू,मनोहर सिन्हा,मण्डल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा,चित्रसेन साहू के साथ साथ जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी लीलाराम सोनबेर मदन बठई रोमन सोनकर दिनेश साहू गणेश साहू पन्नालाल साहू उमेश विश्वकर्मा सुरेश देशमुख शंकर साहू संदीप बाजपेई शिवेंद्र देशमुख अश्ववान बराले कमलेश गौतम गौतम साहू पार्थ साहू छगन साहू. लिखन साहू राजू पटेल साबू पटेल अरुण साहू संदीप साहू विकाश साहू भोला साहू आदि उपस्थित रहे।

## 67 लाख 92 हजार राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन



**15 मार्च तक राशन कार्ड का नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे**

रायपुर, छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य जारी है। 27 फरवरी की स्थिति में 67 लाख 92 हजार 849 राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। छुटे हुए राशनकार्डधारी हितग्राहियों का नवीनीकरण का कार्य के लिए तारीख 15 मार्च 2024 तक बढ़ा दी गई है ताकि कोई पात्र हितग्राही नवीनीकरण कार्य वंचित न होने पाए। खाद्य विभाग द्वारा दी गई, ऑनलाइन सुविधा का लोग लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का अन्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित एवं निशक्तजन एपीएल राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जा रहा है। राशनकार्डधारियों के लिए खाद्य विभाग द्वारा एप तैयार किया गया है। एप के माध्यम से हितग्राही ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। ऐसे हितग्राही जिनके पास एंड्राएड मोबाईल की सुविधा नहीं है या नेटवर्क की समस्या है तो वे हितग्राही उचित मूल्य की दुकान में भी जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य 15 मार्च 2024 तक किया जाएगा। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है।

## खुलेआम शराब पीते 33 पकड़ाए

**रायपुर, (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 33 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने द्रोणाचार्य स्कूल के पास केनाल रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी अनुराग चौधरी 28 वर्ष, पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी राहुल अग्रवाल 27 वर्ष एवं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी राज ताण्डी 26 वर्ष व कोणाल सेंद्रे 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी महेंद्र धीवर 30 वर्ष, रोशन साहू 27 वर्ष व शंकर लाल पटेल 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी विजय कुमार चतुर्वेदी 29 वर्ष, खेमलाल ध्रुव 26 वर्ष व कमलेश साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी चंद्रशेखर डहरिया 34 वर्ष, खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी मोह.तनवीर 32 वर्ष एवं गंज थाना पुलिस ने आरोपी रूपेश मेहर 25 वर्ष, परसराम साहू 23 वर्ष, मनीष कुमार झा 49 वर्ष, राबर्ट 40 वर्ष, कृष्णा बैरागी 33 वर्ष व नितेश सिंह 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी चंद्रमणी शबर 35 वर्ष एवं आरंग पुलिस ने आरोपी गोविन्द साहू 42 वर्ष, जगमोहन नारंग 48 वर्ष, मिनाक्षी राजपूत 37 वर्ष, सांतनू जांगडे 45 वर्ष, युवराज धीवर 28 वर्ष, दिलीप विश्वकर्मा 30 वर्ष, मंगल डहरिया 45 वर्ष, घनश्याम रात्रे 30 वर्ष व गोविन्द टण्डन 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी प्रेमू साहू 28 वर्ष, संदीप यादव 29 वर्ष, विजय निर्मलकर 22 वर्ष व केजाराम निर्मलकर 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

**बैठक** | **उप मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह में शामिल होकर नवदंपत्तियों को दी बधाई और शुभकामनाएं**

## समाज के लिए प्रेरणा बन आदर्श जीवन-यापन करें नवदंपत्ति : अरुण

**रायपुर,।** उप मुख्यमंत्री एवं कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव आज कोरबा के मां सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सपत्नीक शामिल हुए। उन्होंने नवदम्पतियों के परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने वर-वधुओं के सुखमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि आप सभी समाज के लिए प्रेरणा बने एवं आदर्श जीवन-यापन करें। आयोजन में 31 जोड़े पूरे रीति-रिवाज से विवाह के पवित्र बंधन में आबद्ध हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जनप्रतिनिधि, मंदिर समिति के प्रबंधक व व्यवस्थापक तथा विभिन्न समाज के नागरिक बड़ी संख्या में वर-वधुओं को आशीर्वाद देने उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज मां सर्वमंगला मंदिर परिसर में 31 जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्पन्न हो रहा है। सभी जोड़ो को माँ सर्वमंगला के आशीर्वाद के साथ ही अपने माता-पिता एवं परिजन सहित विभिन्न समाज के लोगों और वरिष्ठजनों का शुभ आशीष मिल रहा है। उन्होंने मन्दिर समिति को इस आयोजन के लिए साधुवाद दिया।



उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश नित नई सफलता की ऊंचाईयों को छू रहा है। अब अनेक मामलों में भारत पूरे विश्व का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अगुवाई में राज्य में विकास कार्यों में तेजी आई है। प्रदेश सरकार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर उनके कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कार्यक्रम में कहा कि सामूहिक विवाह के इस आयोजन में 31 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ है। यह हम सभी के लिए हर्ष की बात है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव सपत्नीक वर-वधुओं को आशीर्वाद देने आए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आयोजन बहुत ही सराहनीय व पुनीत है। श्री देवांगन ने सभी वर-वधुओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की। उप मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देकर उपहार सामग्रियां भेंट कीं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सपत्नीक मां सर्वमंगला देवी के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माँ सर्वमंगला से आशीर्वाद लिया एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की।

## संक्षिप्त खबरें...

### तीन फीट ऊंचे दुल्हे को मिली ढाई फीट ऊंची दुल्हन

**कोरबा।** सर्वमंगला मंदिर समिति के तत्वावधान में शनिवार को 31 जोड़ों के सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस विवाह में तीन फीट के दूल्हे विजय मरावी की शादी ढाई फीट ऊंची दुल्हन दुर्गा के साथ हुई। विवाह आयोजन के दौरान दोनों की जोड़ी का आकर्षण का केंद्र रही। जनजातीय समाज से आने वाले विजय मरावी पाली विकासखंड के ग्राम दर्राभाठा गांव के निवासी हैं। उनका शारीरिक विकास कई कारणों से नहीं हो पाया और ऊंचाई तीन फीट से ज्यादा बढ़ नहीं सकी। विजय के स्वजन उसके लिए ऐसे ही जीवन साथी की तलाश कर रहे थे। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था। विजय मरावी टेलरिंग से जुड़े हैं। संयोग से नजदीकी गांव में रहने वाली दुर्गा विजय के समाज से ही थी। दुर्गा की ऊंचाई भी बहुत ज्यादा नहीं थी। इसके बाद इंटरनेट मीडिया के जरिए दोनों एक-दूसरे से जुड़े और बातचीत शुरू हुई। हाल में ही इन दोनों की मुलाकात आमने-सामने हुई। इसके बाद विवाह की बातचीत हुई और रिश्ता पक्का हो गया। दुर्गा मरावी ने हायर सेकेंडरी तक की पढ़ाई की है, जबकि उसके पति विजय मरावी की शिक्षा हाई स्कूल की है। दोनों ने आगे शिक्षा प्राप्त करने को लेकर रुचि दिखाई है।

### वन विभाग की लापरवाही बनी काल, युवक को हाथी ने रौंदा, सवालों के घेरे में वन अमला

**सरगुजा।** जिले में लुंड्रा वन परिक्षेत्र में वन विभाग की लापरवाही सामने आई है। जहां दंतैल हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. वहीं लोगों में काफी गुस्सा भी देखने को मिल रहा है.

बता दें कि पूरा मामला लुंड्रा वन परिक्षेत्र के झेराडीह का है. जहां पिता-पुत्र गेंहू के खेत में सिंचाई कर वापस आ रहे थे. इसी दौरान हादसा हुआ है. वहीं घटना की सूचना पर वनकर्मी और पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया. पुलिस टीम की मौजूदगी में ग्रामीणों की मदद से शव को उसके घर लाया गया। जानकारी के अनुसार, घटना के बाद वन विभाग मुआवजे देने की बात कह रहा है. घटना के बाद लोग सवाल खड़ा कर रहे हैं कि आए दिन हो रहे हादसों के बाद भी वन विभाग इस पर रोक लगाने के लिए क्या कर रहा है.

### ऑक्सीजोन में चलाया गया जागरूकता अभियान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के ऑक्सीजोन उद्यान में आज हनुमान मंदिर के समीप स्वास्थ्य संवर्द्धन, सड़क सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमे बड़ी संख्या में शहरवासियों ने भाग लिया।

सभी लोगो ने यातायात नियमों और मतदान के प्रति अपने कर्तव्य को बहुत ही रोचक कार्यक्रम जैसे जुंबा, एरोबिक्स और नुक्कड़ नाटक के जरिए समझा और सराहा। मतदान के लिए गार्डन में एक रैली भी निकाली गई। इसमें खासबात यह थी कि सबमें एकता प्रदर्शित करने हेतु मैक्सिमम लोग सफेद टी शर्ट और काला लोवर पहनकर आए थे। इस शानदार आयोजन के लिए रायपुर वेलफेयर फउंडेशन सोसायटी के सचिव जे पी अग्रवाल द्वारा संजय शर्मा और उनकी पूरी स्टे. पिंट विथ मी की टीम का धन्यवाद देते हुए अनुरोध किया गया। ऐसे कार्यक्रम ऑक्सीजोन गार्डन में महीने में कम से कम एक रविवार को कराए। साथ ही लायंस क्लब के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल द्वारा भी अनुरोध किया गया कि कोई एक ऐसा लिंक दे जिससे जो घर में महिलाएं बच्चे नहीं आ पाते वो इसका लाभ घर बैठे ले सके।

### छत्तीसगढ़ में 70 लाख महिलाओं को 7 को पीएम मोदी बांटेंगे महतारी वंदन योजना के तहत 700 करोड़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना की पात्र 70 लाख महिलाओं को पीएम नरेंद्र मोदी अपने हाथों से योजना की पहली किस्त जारी करेंगे। इसके लिए बालोद में बड़े आयोजन की तैयारी है। अभी पीएम मोदी का कार्यक्रम फाइनल नहीं हुआ है लेकिन यह तय है कि मोदी अगर छत्तीसगढ़ नहीं आ पाएंगे तो ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### महतारी वंदन योजना, आधार से लिंक के लिए आज भी बैंकों में कामकाज जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना में सभी पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ दिलाने के लिए आज रविवार को भी बैंकों में कामकाज शुरू है। जिन पात्र हितग्राहियों का बैंक एकाउंट आधार से लिंक नहीं है, उनका लिंक किया जा रहा है ताकि डी.बी.टी. के माध्यम से उन्हें आसानी से राशि का भुगतान किया जा सके। जिले में बैंक खातों को आधार लिंक करने हेतु 59420 का लक्ष्य है, जिसमें से जिले के अधिकांश महिलाओं का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं हुआ है। उक्त कार्य को समय सीमा में 05 मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना है। इस संबंध में एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार 03 मार्च 2024 को जिले की सभी बैंक शाखाओं में महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के बैंक खाते से आधार लिंक एवं डी.बी.टी. सक्रिय कराये जाने का कार्य सम्पादित किया जायेगा। बैंकर्स प्रत्येक बैंक में 02 मार्च से 05 मार्च तक महतारी वंदन के कियान्वयन हेतु विशेष काउन्टर की सुविधा उपलब्ध होगी, ताकि योजना अंतर्गत महिला हितग्राहियों को असुविधा न हो।

# कार्य ऐसा करें जिससे आपकी पहचान व प्रतिष्ठा बढ़े : अरूण साव

## शासकीय योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन करने के दिए निर्देश हमेशा उत्साह एवं ऊर्जा के साथ कार्य करें अधिकारी

**लोकशक्ति** कोरबा प्रदेश की ऊर्जा धानी है। यहां कार्य करने की असीम संभावनाएं है, संसाधनों की कोई कमी नही है, बहुमूल्य खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। जिले का नेतृत्व करने वाली ऊर्जावान टीम आपके पास है। सभी अधिकारी नई ऊर्जा व उत्साह के साथ काम करें। सभी अधिकारी अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक प्राथमिकता से पहुँचाएं। उक्त बातें जिले के प्रथम प्रवास पर आए उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रभारी मंत्री कोरबा श्री अरुण साव द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में कही गयी। समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, व्यापार एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ श्री अरविंद पीएम, श्री कुमार निशांत, सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



उपमुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में कहा कि बदलते समय अनुरूप जिले के विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी अधिकारी नई सोच के साथ कार्य करें। किसी भी कार्य को पूर्ण करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर, कौशल उन्नयन एवं टीम वर्क के रूप में कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी हमेशा उत्साह एवं ऊर्जा के साथ कार्य करें। कार्यालयों में समस्याओं को बढ़ने नहीं दें, समस्याओं का शीघ्रता से समाधान करें। उन्होंने कहा कि सभी को समय के साथ ही अपने काम के तौर-तरीकों में भी बदलाव करना होगा। हमें तकनीकी ज्ञान, कौशल उन्नयन के साथ आगे बढ़ना होगा। इस हेतु कार्यालयों में कार्य विभाजन कर सभी अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। जिससे कार्य समय पर पूर्ण हो सके। साथ ही राज्य, समाज व देश को विकास की नई दिशा देनी होगी। आज की सरकार आपके कार्य को क्षमता देने वाली सरकार है। उन्होंने सभी अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी अपने कर्तव्यों का इस प्रकार निर्वहन करें कि आपके कार्यों से आपकी पहचान व आपके कार्यालयों की प्रतिष्ठा बढ़े। जिससे सरकार पर लोगों का भरोसा बढ़े। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने विभागीय योजनाओं की बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के लिए कहा। अधिकारी के फील्ड में जाने से आपकी टीम कार्य करने के प्रति सचेत होती है। इसके साथ ही आपको योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत पता चलती है। फील्ड जाने पर कार्यों में गति आएगी और समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा। उन्होंने सरकार की विशेष प्राथमिकता की योजनाओं में गंभीरता से कार्य करने की बात कही। जल-जीवन मिशन के कार्य अंतर्गत हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पिछड़े परिवारों के पक्के आवास के सपने को साकार करने में अपनी महती भूमिका निभाएं। श्री साव ने कहा कि आप ऐसे सकारात्मक कार्य करें जिससे इन योजनाओं से आम लोगों के जीवन में परिवर्तन और खुशहाली आए।

## छत्तीसगढ़ महतारी और भारत का गौरव बढ़ाने की दिशा में आगे आएं सभी समाज: उपमुख्यमंत्री साव

कोरबा **लोकशक्ति**। छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव जिला साहू संघ द्वारा आयोजित साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं स्मारिका विमोचन 2024 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि साहू समाज सभी समाज को साथ लेकर आगे बढ़ने वाला समाज है। समाज के युवा सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। समाज के युवाओं को सही दिशा की ओर ले जाने के लिए थोड़े प्रयास की और जरूरत है। हम सभी समाज के लोग आपस में मिलजुल कर छत्तीसगढ़ महतारी और भारत का गौरव को बढ़ाने की दिशा में आगे आएं तो यह देश लगातार उन्नति और तरक्की की राह में आगे बढ़ेगा।प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम में साहू समाज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री लखनलाल देवांगन, छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक श्री बालेश्वर साहू-जैजैपुर, विधायक श्री संदीप साहू-कसडोल, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, पूर्व गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल सहित समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री टहल सिंह साहू।

# 67 लाख 92 हजार राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन

## 0 15 मार्च तक राशन कार्ड का नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे




**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य जारी है। 27 फरवरी की स्थिति में 67 लाख 92 हजार 849 राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। छुटे हुए राशनकार्डधारी हितग्राहियों का नवीनीकरण का कार्य के लिए तारीख 15 मार्च 2024 तक बढ़ा दी गई है ताकि कोई पात्र हितग्राही नवीनीकरण कार्य वंचित न होने पाए। खाद्य विभाग द्वारा दी गई, ऑनलाइन सुविधा का लोग लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का अन्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित एवं निशक्तजन एपीएल राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जा रहा है। राशनकार्डधारियों के लिए खाद्य विभाग द्वारा एप तैयार किया गया है। एप के माध्यम से हितग्राही ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। ऐसे हितग्राही जिनके पास एंड्राएड मोबाईल की सुविधा नहीं है या नेटवर्क की समस्या है तो वे हितग्राही उचित मूल्य की दुकान में भी जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य 15 मार्च 2024 तक किया जाएगा। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

# महाशिवरात्रि मेला कमरौद की तैयारी जोरों पर

**बालोद।** ग्राम कमरौद में 7 व 8 मार्च को महाशिवरात्रि मेला महोत्सव जय बजरंगबली मंदिर समिति ग्राम कमरौद के द्वारा आयोजित है। इसमें दो दिनों तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। जय बजरंगबली मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में 7 मार्च को जहां दीप प्रज्वलन, रुद्राभिषेक, यज्ञ अभिषेक आदि होंगे वहीं 8 मार्च को विशाल मेला का आयोजन होगा।



दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का शुभारंभ 7 मार्च को सुबह 11 बजे से होगा। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन, विधि पूजन, अनुष्ठान, रुद्राभिषेक यज्ञ, अभिषेक होगा। वही आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षिका अर्जुंदा श्रीमती साक्षी मिश्रा होंगी। अध्यक्षता ग्राम प्रमुख खिलानंद पटेल करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व जनपद सदस्य कमरौद लाजपत साहू, सेवानिवृत्ति शिक्षक समय लाल भुवार्य, ज्ञान दास गैंड्रे, हरिकिशन साहू, ईश्वर साहू, दयालू राम कंवर होंगे। इस अवसर पर प्रात 11 बजे से जय बजरंग मानस परिवार ग्राम कमरौद, दोपहर 1 बजे से जय सरस्वती महिला मानस परिवार ग्राम मोहलई, दोपहर 3 बजे से शिव आदर्श मानस परिवार ग्राम कुर्दी, रात्रि 9 बजे से श्री कृष्ण रामधुनी गायन मंडली चंदिया (डोंगरगांव) की प्रस्तुति होगी।8 मार्च को होगा विशाल मेला, रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम

महाशिवरात्रि मेला के अवसर पर 8 मार्च को विशाल मेला का आयोजन होगा। प्रातः 11 बजे से श्री संगम मानस परिवार सिंगारपुर, दोपहर 3 बजे से जय बजरंग रामधुनी मंडली डोटोपार गुरुर की प्रस्तुति होगी। रात्रिकालीन कार्यक्रम में लोक कला मंच धरोहर, महादेव हिरवानी कृत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। 8 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती चमेली बाई पटेल सरपंच ग्राम पंचायत कमरौद होंगी। अध्यक्षता सुशील बरडिया पूर्व जनपद सदस्य करेंगे। विशेष अतिथि सेवानिवृत शिक्षक विश्राम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत पिरिद अवध राम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कोंगनी डेमिन साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा वारुणी देशमुख, सरपंच ग्राम पंचायत कुर्दी संजय साहू, पिरिद निवासी डॉक्टर भूपेंद्र कुमार पटेल होंगे। महाशिवरात्रि मेला कमरौद का आयोजन जय बजरंगबली मंदिर समिति कमरौद एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से होता है। आयोजन की तैयारी को लेकर पूरे समिति के लोग जुटे हुए हैं। इनमें अध्यक्ष पुनीतराम देशलहरे, कोषाध्यक्ष विशंभर चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र पटेल, सचिव बृजकिशोर साहू, सदस्य भूषण चतुर्वेदी, पेमेंद्र साहू, दीनूराम कंवर, लखन ठाकुर, विनोद कुमार यदु।

# अवैध रेत उत्खनन और ईंट भट्ठों पर करें कार्यवाही: कलेक्टर

**लोकशक्ति** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने समय सीमा की बैठक में सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिले में कोई भी ईंट भट्ठा अवैध रूप से संचालित न हो। उन्होंने स्वीकृत रेतघाटों के अतिरिक्त होने वाले अवैध रेत उत्खनन पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने टीएल के संबंधित पत्र, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा की। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में होने वाले राखड़ परिवहन पर नजर रखने और नियम विरुद्ध राखड़ परिवहन करने पर संबंधित वाहन पर कार्यवाही के निर्देश एसडीएम, पर्यावरण अधिकारी,परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागों में डीएमएफ अन्तर्गत मांगी गई जानकारी प्रस्तुत करने, निरस्त किये गए कार्यों और अप्रारम्भ कार्यों की राशि जमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी स्कूल भवन विहीन न हो और जो भी जर्जर स्कूल हैं उसकी मरम्मत अवश्य कराई जाए। उन्होंने ऐसे स्कूल भवन जो 15 साल से अधिक पुराने हैं और जर्जर हो चुके हैं ऐसे स्कूलों के लिए नए भवन हेतु डीएमएफ के माध्यम से स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। जिले में आवश्यकता वाले ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण, पहुँचमार्ग के लिए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के पात्र बेरोजगारों को आवश्यकतानुसार शिक्षक तथा चतुर्थ श्रेणी में रोजगार देने के निर्देश भी दिए।

# लोकसभा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**लोकशक्ति** कांकेर लोकसभा चुनाव हेतु सिहावा विधानसभा स्तरीय केंद्रीय कार्यालय का आज उद्घाटन नगरी में हुआ। इस अवसर पर राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जी ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।साथ में वर्तमान सांसद श्री मोहन मांडवी जी, लोकसभा संयोजक भरत मटियारा जी, किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती पिंकी शिवराज शाह जी, जिला सह प्रभारी श्री हलधर साहू जी, जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश बैस जी, जिला उपाध्यक्ष श्री नरेश सिन्हा जी, विधानसभा संयोजक श्री नागेंद्र शुक्ला जी रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर बेलारगांव मंडल अध्यक्ष अकबर कश्यप के नेतृत्व में 51 महिला पुरुष ने भाजपा प्रवेश किया। श्री भरत मटियारा जी ने चुनाव संचालन हेतु विभिन्न क्षेत्र में प्रभारी की नियुक्ति का घोषणा किए। मुख्य अतिथि राजनांदगांव संसद श्री अभिषेक सिंह जी ने अपने उद्बोधन में नरेंद्र मोदी सरकार एवं केंद्र की योजनाओं पर प्रकाश डाला एवं समस्त कार्यकर्ताओं को तन मन से काम करने के लिए निवेदन किया। कार्यक्रम का संचालन रवि शंकर दुबे जी ने किया। कार्यक्रम में मोहन नाहटा, वामन साहू, विकल गुप्ता, विजय यदु, प्रेमलता नागवंशी, दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम, रामगोपाल साहू, महेश गोटा, राकेश चौबे, हृदय साहू, राजेश गोसाई, अजय यादव, संजय शांडिल्य, आराधना शुक्ला, अजय नाहटा, निखिल साहू, चंद्रकला साहू, बबीता साहू, सुलोचना साहू, ईश्वरी नेताम, यशोदा साहू, हेमलता साहू, लक्ष्मी ठाकरे, हेमलता साहू, प्रीति यदु, चेलेश्वरि साहू, श्यामन्त बिसेन, बलजीत छाबड़ा सहित विधानसभा के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तीन महिला सहित हत्या के पांच आरोपितों को आजीवन कारावास

**कोरबा लोकशक्ति** करीब एक वर्ष पूर्व से बाड़ी में लगे लकड़ी के रूथान को तोडफोड़ करने तथा मृतक का पालतू जानवर बैल के बाड़ी में चले जाने एवं उसके गले में बंधे घंटी को खोलने के संबंध में विवाद होने पर ग्रामीण की पांच लोगों पिटाई कर दी। घटना में ग्रामीण की मौत हो गई थी। मामले की सुनवाई के बाद द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा जितेन्द्र कुमार सिंह ने तीन महिला समेत पांच आरोपितों को आजीवन कारावास का सजा सुनाई है।

घटना चैकी मोरगा थाना बांगो अंतर्गत ग्राम कुम्हारीपानी की है। यहां बालसाय तिर्की 45 वर्ष के साथ आरोपीक विरेन्द्र एक्का 28 वर्ष, फिलीप एक्का 30 वर्ष, सोनामणी एक्का 24 वर्ष, बुधमनिया एक्का 25 वर्ष, एवं खलासो एक्का 45 वर्ष के साथ विवाद था। 24 सितंबर 2022 को रात आठ बजे सभी आरोपीत विरेन्द्र एक्का, फिलीप एक्का, सोनामणी एक्का, बुधमनिया एक्का, एवं खलासो एक्का सभी एक राय होकर बालसाय के घर पहुंचे। उस वक्त बाल साय व उसका परिवार अपने घर में टीवी देख रहा था। उनके घर को खटखटाकर खोलवाकर जबरन घुसकर बालसाय तिर्की को पकड़कर लड़ाई झगड़ा मारपीट करते हुए अपने घर के आंगन में ले गए और आंगन में गड़े खुंटे में बांध कर लाठी डंडा एवं हाथ मुक्के से बेरहमी पूर्वक मारपीट की।

गंभीर रूप से चोट लगने पर मृतक बालसाय तिर्की की मृत्यु ही गई। इस बीच बचाव करने मृतक की पत्नी पहुंची, उसे भी मारपीट कर चोट पहुंचाए। बालसाय की पत्नी द्वारा घटना की सूचना चैकी मोरगा थाना बंगों में 25 सितंबर को दी गई। पुलिस ने धारा 147,148,450 302 के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# छत्तीसगढ़ जैव विविधता से पूर्ण राज्य, वनों और वन्य जीवों के संरक्षण में जनजाति समाज की अहम भूमिका : मंत्री केदार कश्यप

## वन मंत्री जनजाति क्षेत्र में जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन कार्यशाला में हुए शामिल

**रायपुर, लोकशक्ति।** वनों में रहने वाले जनजाति समुदाय ने कभी भी वनों को हानि नहीं पहुंचाई। वनों पर आधारित जीवन होने के बावजूद सीमित संसाधनों में हमारे पूर्वज जीवनयापन करते आये हैं। हमारे वनवासी और जनजाति समुदाय के लोगों ने वनों को सहेजने का कार्य किया है। प्रत्येक जनजाति समाज के घर-बाड़ी में हमें 20-25 अलग-अलग पेड़ पौधे अवश्य मिलेंगे। जनजाति समाज का प्रकृति के प्रति गहरा प्रेम है। यह बात वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में छत्तीसगढ़ बायो डायवर्सिटी बोर्ड एवं सेवावर्धिनी छत्तीसगढ़ के द्वारा 'जनजाति क्षेत्र में जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में कही।



वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जैव विविधता व्यापक और विस्तृत विषय है, सृष्टि के आदर्श स्वरूप के लिये जैव विविधता का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, इस सन्दर्भ में गीता का एक श्लोक है 'ईश्वर सर्वभूतानां हृदये अर्जुन तिष्ठति' इसका भाव यह है कि प्रत्येक जीव में ईश्वर का वास है। इस दृष्टि से जीव जगत की विविधता ही जगत की सुंदरता है। जैव विविधता पृथ्वी की समृद्धता की परिचायक है, यह प्रकृति की विविध जीवमंडल से सम्बन्धित है। वस्तुतः जैव विविधता पौधों, जानवरों और सूक्ष्म जीव प्रजातियों के बीच के संबंध को दर्शाता है। यह पारिस्थितिकी और आर्थिक महत्व रखता है। यह हमें पोषण आवास, ईंधन, वस्त्र आदि अन्य संसाधन प्रदान करता है, साथ ही जैव विविधता पर्यटन से भी जुड़ा है।

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में जहां तक जैव विविधता को हम देखें तो गौरव की अनुभूति होती है। छत्तीसगढ़ भारत का 10वां सबसे बड़ा समृद्ध संस्कृति, विरासत एवं आकर्षक प्राकृतिक विविधता से संपन्न राज्य है। दस हजार वर्षों पुरानी सभ्यता के साथ भारत के केंद्र में स्थित यह आश्चर्यों से भरा राज्य उन पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है, जो प्राचीनता का अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ एक विशिष्ट भारतीय अनुभव प्रदान करता हैं। देश के सबसे विस्तृत झरने, गुफाएं, हरे-भरे जंगल, प्राचीन स्मारक, दुर्लभ वन्यजीव, उत्कृष्ट नक्काशीदार मंदिर, बौद्ध स्थल और पहाड़ी पठार इस राज्य में विद्यमान हैं।

वन मंत्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 80 प्रतिशत से अधिक जैव विविधता पाई जाती है, जो पूरे देश में कहीं भी नहीं पाई जाती है। 32 प्रतिशत जनजातीय आबादी के साथ इस राज्य का 44 प्रतिशत हिस्सा वनों से घिरा हुआ है। छत्तीसगढ़ प्रकृति के प्रति उत्साही लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। जो अद्वितीय आदिवासी कला, शिल्प और परंपराओं की खोज करना चाहते हैं। सदियों से इसके आदिवासी समुदायों ने पर्यावरण की अनुकूल प्रथाओं के माध्यम से प्राकृतिक आवास को पोषित एवं संरक्षित करने में अहम भूमिका निभाई है। छत्तीसगढ़ में पर्यटकों को कला और वास्तुकला, विरासत, हस्तशिल्प, व्यंजन, मेले एवं त्योहार जैसा बहुत कुछ देखने को मिलता है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ का उल्लेख अनेक कथाओं में मिलता है, जिनमें भारत के दो महान महाकाव्य रामायण एवं महाभारत भी शामिल हैं। भारत का सबसे चौड़ा जलप्रपात चित्रकोट भी इसी राज्य में है। मानसून में जब इंद्रावती नदी पूरे प्रवाह में होती है, तब बस्तर जिले में स्थित यह जलप्रपात 980 फुट चौड़ा हो जाता है। छत्तीसगढ़ में देवी-देवताओं और कई मंदिरों की विरासत है। बैकुंठपुर कोरिया के हसदेव नदी तट पर 28 करोड़ साल पुराने समुद्री जीवाश्म को संरक्षित करने फॉसिल पार्क बनाया गया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय जनजाति हितरक्षा प्रमुख श्री गिरीश कुबेर, अखिल भारतीय जनजाति शिक्षा प्रमुख श्री सुहास देशपांडे, प्रान्त संगठन मंत्री वनवासी कल्याण आश्रम श्री रामनाथ कश्यप एवं एसीएस श्री मनोज कुमार पिंगुआ, पीसीसीएफ श्रीनिवास राव, एपीसीसीएफ श्री अरुण पांडेय, सदस्य सचिव जैव विविधता बोर्ड श्री प्रभात मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# किराएदारों का सत्यापन के लिए कोरबा पुलिस चला रही अभियान

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थानाध्चैकी क्षेत्र अंतर्गत होटल, लॉज, फेरी करने वाले, किराएदार और संदिग्ध व्यक्तियों का जांच अभियान चलाया गया। पुलिस टीम के द्वारा होटल लॉज में रुकने वाले व्यक्तियों की सूची बनाकर थाने में विद्वत तरीके से दिया जाए और अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में रुका हो उसकी जानकारी भी तुरंत नजदीकी थाने में दिया जाए।

पुलिस टीम के द्वारा संदिग्धों और मुसाफिरों की जांच को लेकर क्षेत्र में घूम-घूम कर सामानों की फेरी करने वाले, सडक किनारे जडी बूटी, कपड़े, खिलौने बेचने वाले तथा गैस चूल्हा आदि रिपेयर करने वालों को पुलिस थाना में तलब कर उनके वास्तविक पते, वर्तमान गतिविधियों तथा मुसाफिरी दर्ज कराने की जानकारी लिया गया। कुछ फेरीवालों ने थाने में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराये थे उन्हें फटकार लगा कर उनका मुसाफिरी दर्ज किया गया। कोरबा पुलिस के द्वारा मुसाफिर चेक करते हुए 478 लोगों को दिया गया चेक, संदिग्ध अजनबी (ै तवसस) के तहत 1137 लोगों को किया गया चेक, कदाचारी (ठब् तवसस) के तहत 20 लोगों को किया गया चेक।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)